हरिभूमि
संस्कारधानी भूमि
रायपुर, सोमवार 8 जुलाई 2024

भक्तों ने खींचा भगवान जगन्नाथ का रथ, रास्तेभर गूंजे जयकारे

गाजे-बाजे के साथ मां मैलोडी नृत्य रहा आकर्षण केंद्र



श्रद्धा भक्ति से भक्तों ने खींचा नाथ का रथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भगवान जगन्नाथ रथयात्रा को लेकर अंचल में हर्षोल्लास का माहौल रहा। इस मौके पर शहर के गांधी चौक एवं प्रभात नगर मंदिर से भगवान जगन्नाथ की भव्य रथयात्रा निकाली गई। बाजे-गाजे एवं भक्ति गीतों के बीच निकली रथयात्रा का रास्ते में कई जगह भक्तों ने पूजा-अर्चना कर मंगल कामना की।

आषाढ़ माह के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को रथयात्रा पर्व श्रद्धाभक्ति एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर शहर के गांधी चौक स्थित भगवान जगन्नाथ मंदिर में सुबह से ही भक्तों की उपस्थिति बननी प्रारंभ हो गई थी। यहां पूजा-अर्चना का माहौल बना हुआ था।

यात्रा में भजनों की गूंज

दोपहर को गांधी चौक श्री जगन्नाथ मंदिर से भव्य रथ पर भगवान जगन्नाथ, बहन सुभद्रा एवं भाई बलभद्र को ससम्मान रथ पर विराजित कराया गया। भक्तों ने इस मौके पर विधि-विधान से भगवान जगन्नाथ की पूजा-अर्चना की। जयकारों की गूंज के बीच यहां से रथयात्रा प्रारंभ हुई। डीजे, बैंड बाजे एवं सुमधुर भजनों के गूंज के बीच भक्तों ने भगवान श्री जगन्नाथ का रथ खींचा। इस मौके पर जयकारों की गूंज रही। रास्ते में कई स्थानों पर भक्तों ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। इस मौके पर बच्चों से लेकर सभी वर्ग के लोगों की उपथिति रही।

भजनों में थिरके भक्त, दिखा उत्सह

इधर शहर के प्रभात नगर से भी भगवान जगन्नाथ मंदिर से भव्य रथयात्रा निकाली गई। आकर्षक रथ में सवार होकर भगवान जगन्नाथ, बहन सुभद्रा, भाई बलभद्र शहर भ्रमण पर निकले। बाजे-गाजे के साथ निकली इस भव्य शोभायात्रा में बड़ी संख्या में भक्तों की उपस्थिति रही। कई भक्त भगवान की भक्ति में थिरकते रहे। रथयात्रा लालबाग, नेशनल हाईवे सर्विस लेन होते हुए शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरी। जिले के अन्य क्षेत्रों में भी भगवान जगन्नाथ रथयात्रा पर्व श्रद्धा-भक्ति के साथ मनाया गया। वहीं विविध धार्मिक, सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए।

शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरी

रथयात्रा गांधी चौक से दुर्गा चौक, बालगोविंद चौक, बसंतपुर थाना, सदर बाजार, भारत माता चौक, आजाद चौक, मानव मंदिर चौक, जयस्तंभ चौक होते हुए जूनीहटरी स्थित श्रीराम जानकी मंदिर पहुंची, जहां विधि-विधान से भगवान जगन्नाथ, बहन सुभद्रा, भाई बलभद्र की विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर स्वागत किया गया और मंदिर में विराजित कराया गया। एकादशी के दिन भगवान पुनः रथ पर सवार होकर बाजे-गाजे के साथ अपने मंदिर गांधी चौक पहुंचेंगे।

छुरिया थाना का मामला

उगाही करने वाले 2 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कथित पत्रकार सहित अन्य के विरूद्ध जुर्म दर्ज राजनांदगांव। प्रार्थी को डरा-धमकाकर उगाही करने के मामले की रिपोर्ट पर पुलिस ने कथित पत्रकार सहित अन्य दो के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। इस मामले में दो आरोपी गिरफ्तार किए गए हैं।

पुलिस सूत्रों के अनुसार छुरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी कोमल सिंह साहू 49 साल निवासी दुर्रेबंजारी ने थाना छुरिया में शिकायत प्रस्तुत किया था कि वह बढ़ाई का काम करता है। 15 फरवरी को शाम करीबन 4 से 5 बजे उसे लड़की देखने आ रहे हैं, करके कुछ लोग फोन किए। कार से तीन लोग आए और कहा कि वे लोग लड़की देखने आए हैं और उसके घर-घुसकर पलंग दीवान बनाने का कितना रुपए लगेगा, कहकर बातचीत करते घर अंदर बाड़ी का वीडियो बनाने लगे और वन विभाग के गार्ड को फोन लगाकर बात करने लगे, तो गार्ड द्वारा बताया गया कि लकड़ी कोमल सिंह साहू का खेत का है, वह उसे कैसे भी उपयोग करे, वन विभाग कोई कार्रवाई नहीं कर सकती है।

तीस हजार रुपए की मांग

प्रार्थी के पास आए व्यक्तियों द्वारा केश नहीं कराने के लिए 30 हजार रुपए की मांग किया गया, तब प्रार्थी के द्वारा मना किया गया। आसपास ग्रामीण इकट्ठा होने लगे तो तीनों मौके से भाग गए और फोन लगाकर बार-बार पैसे की मांग करने लगे। इससे परेशान होकर प्रार्थी द्वारा थाना में शिकायत किया गया। पुलिस के अनुसार जांच दौरान पाया गया कि घटना दिनांक को पत्रकार राकेश राजपूत, टेमनलाल और नीलाधर साहू घटना दिनांक को प्रार्थी के घर की लकड़ी का वीडियो बनाकर कार्रवाई कराने नहीं तो 30 हजार रुपए देने के लिए फोन कर बार-बार परेशान कर रहे थे।

दो गिरफ्तार : पुलिस के अनुसार वन विभाग से जानकारी प्राप्त किया गया। जिसमें कोमल सिंह के मौखिक एवं लिखित किसी प्रकार का कोई प्रतिवेदन कार्रवाई हेतु प्राप्त नहीं हुआ है। आरोपियों के विरूद्ध धारा अपराध घटित किया जाना पाए जाने पर वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराकर अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी टेमनलाल बोरकर एवं नीलाधर साहू के विरूद्ध धारा सदर का पार्याप्त साक्ष्य पाए जाने पर गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया।

किसानों की जेबे ढीली करेगा बीज निगम

उड़द, मूंग और तिल सहित धान बीज में महंगाई की मार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बढ़ी दिक्कत, रोपाई और मजदूरी भी महंगी

भले ही धान का समर्थन मूल्य इस बार प्रति क्विंटल 3100 रुपए कर दिया गया है, लेकिन दूसरी तरफ बीज निगम ने किसानों को महंगी बीज बेचने की इस बार पूरी तैयारी भी कर ली है। बीज निगम ने इस बार धान सहित दलहन, तिलहन, सोयाबीन सहित सभी बीजों के दाम में एकतरफ बढ़ोत्तरी कर दी गई है। जिसके चलते खेती-किसानी इस बार महंगी हो जाएगी।

वर्तमान में किसान खरीफ सीजन की बोआई में जुट गए है। बीज निगम द्वारा सोसायटियों में बीज का भंडारण किया जा रहा है। इस बीच किसान बीज खरीदने पहुंच रहे हैं तो उन्हें बढ़े हुए दाम का पता चल रहा है। किसानों का कहना है कि इस बार बीज निगम ने ज्यादा ही बीज के दाम बढ़ा दिए हैं। बीज के साथ ही ट्रैक्टर, रोपाई और मजदूरी के दर भी बढ़ गए हैं।

इसके अलावा फसल में उपयोग होने वाली दवाईयों की कीमतों में भी इस बार निजी कंपनियों ने पिछले साल के मुकाबले पंद्रह फीसदी की बढ़ोत्तरी कर किसानों को चिंता में डाल दिया है। बीज निगम द्वारा प्रत्येक बीज के दाम में पांच सौ रुपए प्रति क्विंटल से अधिक की बढ़ोत्तरी कर दी गई है।

ऐसे समझे बढे हुए बीज के दाम

किस्म	2023	2024	अंतर
धान मोटा	2688	3264	576
धान पतला	2880	3744	864
धान सुगंधित	3264	4320	1056
उड़द	9840	12000	2160
मूंग	9696	10752	1056
सोयाबीन	7776	7872	96
मूंगफली	9120	11424	2304
तिल	14112	18528	4416
रामतिल	10608	12480	1872
ढेंचा	8016	9504	1488
सनई	7488	11136	3648

नहीं मिल रहा डीएपी

मानसून सक्रिय होते ही खाद के उठाव में तेजी आ गई है। लेकिन किसानों को उनके मनमाफिक खाद नहीं मिल पा रहा। किसानों की पहली पसंद डीएपी खाद रही है। किसान डीएपी खाद के लिए सोसायटी और खुले बाजार के चक्कर काट रहे हैं। वहीं डीएपी खाद की जगह एनपीके खाद की आपूर्ति बडे पैमाने पर की जा रही है। किसानों की मांग पर उन्होंने डीएपी की जगह एनपीके या ग्रोमोर खाद लेने की सलह दी जा रही है। डीएपी खाद कब तक आएगा इसको लेकर सोसाइटी या निजी कृषि केंद्रो में कोई भी जवाब नहीं है, जिससे माना जा रहा है कि अन्य खाद की बिक्री को बढ़ाने के लिए डीएपी खाद का कृत्रिम संकट बनाया जा रहा है। डीएपी खाद लेने बाजार पहुंचने वाले किसानों को मजबूरन एनपीके या ग्रोमोर खाद लेना पड़ रहा है।

पांच हजार की रोपाई सात हजार तक पहुंची

प्रगतिशील किसान संगठन अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता ने बताया कि, पिछले साल प्रति एकड में धान की रोपाई पांच हजार में हो जाती थी। लेकिन इस बार रोपाई बढकर सात हजार तक पहुंच गया है। इसी तरह ट्रैक्टर प्रति घंटे की जोताई के लिए आठ सौ लेते थे, वह अब एक हजार पहुंच गया है। इसी तरह मजदूरी ढाई सौ से साढे तीन सौ तक पहुंच गया है। जिसमें हार्वेस्टर से कटाई प्रति घंटो दो हजार रूपए से अधिक हो गया है। इसके आलावा खेत से फसल घर ले जाने और कटाई करने के बाद बाजार तक पहुंचाने में किसानों को अतिरिक्त भाडा का वहन करना पडता है। इस तरह महंगाई का चौतरफा मार किसानों पर पडता हैं।

भीषण गर्मी के साथ दर में साढ़े 8% की बढ़ोत्तरी, जुलाई में आए बिल ने उड़ाए उपभोक्ताओं के होश

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

- घरेलू और गैर घरेलू उपभोक्ताओं की बिजली दरों में 20 पैसे प्रति यूनिट वृद्धि

जून माह में पड़ी भीषण गर्मी के बीच राज्य शासन द्वारा बिजली दरों में साढ़े आठ फीसदी की बढ़ोत्तरी किए जाने के चलते जुलाई माह में आए बिजली बिलों ने लोगों के होश उड़ा दिए हैं, जिन उपभोक्ताओं का महज 18 सौ से दो हजार रुपए तक का बिल आता था, उनके यहां इस माह साढ़े चार हजार के बिल पहुंच रहे हैं। यही नहीं बिजली बिल हाफ योजना का भी लाभ दिखाई नहीं दे रहा है। यही कारण है कि लोगों में जबर्दस्त आक्रोश की स्थिति भी निर्मित हो रही है।

उल्लेखनीय है कि मई और जून माह में भीषण गर्मी का दौर होने के कारण लोगों ने एसी और कूलर का भरपूर उपयोग किया था। वैसे भी हर साल इन महीनों का बिल अपेक्षाकृत ज्यादा ही आता रहा है, लेकिन इस बार राज्य शासन द्वारा बिजली की दरों में साढ़े आठ फीसदी का इजाफा किए जाने के कारण बिलों में बेतहाशा वृद्धि हो गई है।

गौरतलब है कि नए टैरिफ के मुताबिक घरेलू और गैर घरेलू उपभोक्ताओं की बिजली दरों में 20 पैसे प्रति यूनिट की वृद्धि की गई है। इसके अलावा कृषि पंपों के लिए भी विद्युत दर में इजाफा किया गया है। कृषि पंपों में 25 पैसे प्रति यूनिट की वृद्धि की गई है। कृषि उपभोक्ताओं को पहले 5.05 रुपए की दर से चार्ज लगता था, जो अब 5.30 रुपए हो गया है। बिजली की दरों में 8.35 फीसदी की बढ़ोतरी कर दी गई है। इसके अलावा फिक्स चार्ज भी 5 किलोवॉट तक प्रति किलोवॉट 20 रुपए, 5 से 10 किलोवॉट तक 30 रुपए प्रति किलोवॉट और 10 किलोवॉट से ज्यादा लोड पर 40 रुपए प्रति किलोवॉट की दर तय की गई है।

नए टेरिफ के विरोध में आज कांग्रेस का प्रदेशभर में धरना

राज्य शासन द्वारा बिजली दरों में की गई वृद्धि और अघोषित बिजली कटौती के विरोध में शहर कांग्रेस कमेटी ने कल आठ जुलाई को सुबह साढ़े दस बजे से सीएसईबी के कैलाश नगर दफ्तर के सामने धरना प्रदर्शन का ऐलान किया है। शहर अध्यक्ष सूर्यकांत जैन ने बताया कि मनमाने बिजली बिल से आम उपभोक्ता से लेकर किसान हलाकान हैं।

मनमाने बिल से पनप रहा लोगों में आक्रोश, बिगड़ गया बजट

जुलाई माह में नए टेरिफ के अनुसार मिल रहे मनमाने बिजली बिलों को लेकर उपभोक्ताओं में आक्रोश की स्थिति निर्मित हो रही है। बताया जाता है कि बढ़ा हुआ बिल लेकर लोग सीएसईबी के दफ्तर भी पहुंच रहे हैं और जांच की मांग भी कर रहे हैं। हालांकि अफसर उन्हें पिछले माह भीषण गर्मी और नए टेरिफ की जानकारी देकर वापस लौटा रहे हैं।

जिले में अब तक 164 मिमी बारिश, कोटे से 25 फीसदी तक कम

आज से बेहतर बारिश के आसार, येलो अलर्ट जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अंचल में मानसून फिर एक्टिव होने वाला है। द्रोणिका से बन रहे सिस्टम की वजह से आज से बेहतर बारिश की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग ने रविवार को अंचल के लिए येलो अलर्ट भी जारी किया, जिसकी अवधि आज भी रहने वाली है। इधर बारिश का इंतेजार कर रहे किसानो को भी राहत मिलने की संभावना है, जिले में बेहतार बारिश के बाद बोनी की स्थिती सुधर सकती है।

हालांकि अब तक बारिश का आंकड़ा कोटे से काफी पिछड़ा हुआ है। अंचल में लगभग 30 फीसदी कम बारिश दर्ज की गई है। इधर बारिश की गतिविधिया बढ़ने का असर तापमान में भी देखने को मिल सकता है। रविवार को अंचल का अधिकतम तापमान 32 डिग्री से अधिक रहा, जिसके 2 से 3 डिग्री तक नीचे आने की संभावना जताई गई है।

खास बातें

- राजनांदगांव सहित मोहला-मानपुर व खैरागढ़ जिले के लिए भी आज का येलो अलर्ट जारी
- इस महीने बारिश के आंकड़े में सुधार के बने आसार

द्रोणिका से बना सिस्टम

मानसून द्रोणिका माध्य समुद्र तल पर बीकानेर, सीकर, ग्वालियर, सीधी, डाल्टनगंज, कोण्टई और उसके बाद दक्षिण पूर्व की ओर पूर्व मध्य बंगाल की खाड़ी तक स्थित है। एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण पश्चिम मध्य बंगाल की खाड़ी और उससे लगे दक्षिण तटीय आंध्र प्रदेश के ऊपर 5.8 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक द्रोणिका दक्षिण पश्चिम उत्तर प्रदेश से उत्तर पूर्व असम तक 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है।

गरज-चमक के साथ होगी बारिश

मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार प्रदेश में कल 8 जुलाई को अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है । प्रदेश में 1-2 स्थानों पर गरज चमक के साथ अंधड़ चलने तथा वज्रपात होने की भी है। भारी वर्षा का क्षेत्र मुख्यतः दक्षिण छत्तीसगढ़ रहने की संभावना है।

खबर संक्षेप

जल ग्रहण के कार्यों की गहन समीक्षा

मोहला। कलेक्टर एस जयवर्धन ने जिले में चल रहे जल ग्रहण क्षेत्र प्रबंधन कार्यक्रम के विकास कार्यों की समीक्षा की। बैठक में वर्ष 2024-25 के प्रस्तावित कार्यों को डीएलएमसी द्वारा अनुमोदन किया गया। इसके साथ जिले अंतर्गत अं.चौकी एवं मानपुर में न्यू जनरेशन वाटरशेड डेवलपमेंट प्रोजेक्ट में 2021-22 से क्रमशः 14 एवं 16 ग्रामों में जल ग्रहण क्षेत्र विकास अंतर्गत जल संवर्धन एवं संरक्षण संबंधी संरचानाओं का निर्माण किया जा रहा है जिसके तहत रिज टू वेली अवधारणा के आधार पर बोल्डर चेक, गेबियन, सीपीटी, स्टेगर्ड कंटूर तथा पौधा रोपण जैसे विकास मूलक कार्यो का निर्माण एवं संचालन की विस्तृत समीक्षा किया गया। बैठक में परियोजना निदेशक हेमंत ठाकुर, उप संचालक कृषि जेएल मंडावी, एसडीओ सिंचाई विभाग सहित अन्य शामिल हुए।

श्रद्धा से मनाया मुखर्जी की जयंती

कुमरदा। भारतीय जनसंघ के संस्थापक तथा राष्ट्रवादी डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती मंडल कुमरदा में मनाया गया। कार्यक्रम में जिला किसान मोर्चा अध्यक्ष हीरेन्द्र साहू, पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष अनिरुद्ध चंद्राकर, हृदयराम देवांगन, गंसु कोलियारे, नवीन साहू, ओझा, कमलेश, अरुण साहू, छबिलदास साहू, चेकीबाला चौहान, निर्मल, टुम्मन सिंहा, नुनकरण भुआर्य, कोमल सिन्हा आदि शामिल हुए।

भक्तिभाव के साथ निकली भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा

कंधे पर सवार महाप्रभु ने दिया भक्तों को दर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

सैकड़ों साल पुरानी परंपरा अनुसार पांडादाह के जगन्नाथ मंदिर से महाप्रभु अपने भाई और बहन के साथ पुरोहित व समिति सदस्यों के कांधे पर सवार होकर निकले। इससे पहले बाजार चौक स्थित ठाकुर जुगल किशोर मंदिर से निशान यात्रा निकली, जो गांव का भ्रमण कर जगन्नाथ मंदिर पहुंची जहाँ गर्भगृह में विराजित प्रतिमाओं की विशेष पूजा अर्चना, आरती बाद भगवान जगन्नाथ भाई बलभद्र, बहन सुभद्रा सहित वहां विराजे अन्य देवी देवता भी भक्तों के कंधे पर जयघोष के बीच निकले। मंदिर परिसर की पंच परिक्रमा बाद उन्हें वापस उसी स्थान पर विराजित किया गया जिसके बाद हजारों की संख्या मे मौजूद भक्तों ने दर्शन लाभ साथ गजा मूंग का प्रसाद पाया। पूरे दिन महाप्रभु का दर्शन पाने पांडादाह में भक्तों का रेला लगा रहा। वही मेले मे भी हजारों की भींड़ उमड़ी।

रथ खींचने मची रही होड़

शहर में राजफेमली वार्ड स्थित गैंद बिहारी मंदिर से षोडपोचार, हवन पूजन, पूजा अर्चना बाद विशेष अभिषेक और अंगवस्त्रों से सुशोभित प्रभु का रथ निकला जो राजफेमली से दंतेश्वरी मंदिर परिसर, ठाकुरपारा, बरेठपारा, ईतवारी बाजार, बक्शी मार्ग, गोलबाजार, अस्पताल चौक होते वापस मंदिर परिसर पहुंचा। इस दौरान भगवान जगन्नाथ भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के रथ को भक्तों ने रस्सों से खींच कर भ्रमण कराया। श्रद्धालुओं ने प्रभु का जगह-जगह स्वागत पूजन किया। साप्ताहिक बाजार होने के चलते शहर सहित ग्रामीण इलाकों से भी बड़ी संख्या में भक्त जगन्नाथ महाप्रभु के दर्शन करने और भीगे चने, मूंग व गुड़ से निर्मित गजा मूंग का प्रसाद पाने शहर पहुंचे। पूरी यात्रा के दौरान भक्तों में रथ खींचने जबर्दस्त उत्साह देखने को मिला। विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा ने भी मंदिर में महाप्रभु का दर्शनकर क्षेत्र की खुशहाली की कामना की।

प्रदेश का पहला जगन्नाथ मंदिर पांडादाह में

रथ की जगह कांधे में बिठाकर मंदिर परिसर की परिक्रमा को लेकर पुराने जानकारों ने बताया कि कल्चुरी शासन काल की समाप्ति बाद 17वीं सदी में भोंसले राज के दौरान राजनांदगांव रियासत के राजा प्रहलाद दास के कार्यकाल में उड़ीसा से कंबल बेचने व्यापारियों का दल पहुंचा था, जो पूरे दिन घूम घूमकर व्यवसाय करने के बाद एक जगह एकत्रित होकर देर रात तक भजन कीर्तन करते थे। इस बात की जानकारी होने पर राजा ने उन्हें महल बुलाया और परिवार देर रात तक भजन कीर्तन सुनने के बाद फरमान जारी किया कि कंबल बेचने वाले व्यापारी रियासत के अधीन आने वाले जिन जिन गांवों में रात्रि विश्राम करेंगे उन्हें वहाँ का मालगुजार नजराना भेंट करेंगे। उसी इकट्ठे पैसे से पांडादाह में प्रदेश का पहला जगन्नाथ मंदिर बना इस परंपरा के अनुसरण के वादे साथ कि भगवान मंदिर से बाहर कांधे पर सवार होकर ही निकलेंगे। किवदंती है कि अंगेजी शासनकाल के दौरान रियासत के गवर्नर ने महाप्रभु को रथ में भ्रमण कराने का आदेश पारित किया और आदेश के पालन बाद कुछ ही दिन में उनकी मौत हो गई तबसे लेकर आज तक महाप्रभु भक्तों को दर्शन देने कांधे पर सवार होकर निकलते है और मंदिर की पंच परिक्रमा कर वापस उसी स्थान पर विराजित हो जाते है।

रथ यात्रा में उमड़े श्रद्धालु

गंडई पंडरिया। भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा पंडरिया स्थित श्री राधाकृष्ण मंदिर से निकाली गई। पंडरिया वार्ड 5 में 1951 में श्री राधा कृष्ण मंदिर की स्थापना हुई थी। स्थापना के बाद से भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा निकाला जा रहा है। आयोजन के पहले रथ को आकर्षक तरीके से सजाया जाता है। रविवार को दोपहर 1 बजे श्री राधा कृष्ण मंदिर से भगवान जगन्नाथ को रथ में सवार किया गया। रथयात्रा नगर के विभिन्न चौक चौराहों एवं गलियों तक गई। इस दौरान नगर की माताओं ने पूजा अर्चना किया। रथ यात्रा को लेकर बच्चों में जमकर उत्साह देखने मिला। बच्चे रथ यात्रा को खींचते नजर आए। इस दौरान मीठी चना दाल का वितरण किया गया।

डोंगरगढ़। शहर में वर्षों से चली आ रही परम्परा के अनुरूप खुशहाली एवं अच्छी बारिश की कामना के साथ प्राचीन महावीर मंदिर से भगवान जगन्नाथ, भाई बलदाऊ एवं बहन सुभद्रा के साथ विशाल रथयात्रा निकाली गई। परम्परा अनुसार तीनों प्रतिमाओं को गर्भगृह से बाहर लाकर रथ में स्थापित किया। महंत की अगुवाई में पूजा अर्चना कर भक्तों द्वारा रथ का रस्सा खीचते हुए शहर भ्रमण के लिए निकाला गया। भगवान जगन्नाथ के जयकारें के साथ चौक-चौराहो में उपस्थित जन समूह ने हाथ लगाकर पूजा आरती की। रथ यात्रा महावीर मंदिर प्रांगण से निकलकर थाना चौक, बस स्टेंड, भगत सिंह चौक, बुधवारी, रेलवे चौक, खंडूपारा, जयस्तंभ चौक, गोल बाजार, महावीर मंदिर पहुंची।

वेतन संकट से जूझ रहे निकाय कर्मी करेंगे आंदोलन

छुईखदान। प्रदेश कर्मचारी कल्याण संघ की बैठक कुम्हारी के सामुदायिक भवन में आयोजित किया गया। बैठक में निकाय में कर्मचारियों के लंबित मांगों पर विस्तार से चर्चा किया गया।बैठक में कर्मचारी कांग्रेस प्रकोष्ठ एवं स्वायत्तशासी कर्मचारी संघ के महामंत्री शरद दुबे आदि शामिल हुए। नवनियुक्त पदाधिकारियों को शपथ ग्रहण श्री दुबे ने कराया। शपथ ग्रहण के बाद संघ के एजेण्डा पर चर्चा किया गया। कर्मचारियों ने बताया कि अधिकांश निकाय में वेतन भुगतान की समस्या बनी हुई है। शासन से पत्राचार करने के बाद भी समस्या जस के तस बनी हुई है। समस्या को देखते हुए अधिकारी कर्मचारी कल्याण संघ ने चरण बद्ध आंदोलन करने का निर्णय लिया। बैठक में शरद दुबे, संजय शर्मा, श्रवण ठाकुर, संजय एडे, राजेश सोनी, मुकेश तिवारी, उपेंद्र बंजारा, ऋषभ ठाकुर, आशा जंघेल, सपना, प्रशांत वर्मा, किशुंक यादव, मोहन सार्वा आदि शामिल हुए।

4 माह से वेतन नहीं मिला

छुरिया। बाघनदी रेंज के दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को 4 महीने से वेतन नहीं मिलने से घर चलाने के लाले पड़ गए हैं। दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी वन मण्डल संघ के जनक चौधरी और ब्लाक अध्यक्ष सेवाराम सिन्हा ने बताया कि 4 मार्च से जून तक का वेतन नहीं मिलने से कर्मचारियों को परेशानी हो रही है।

हालत यह हो गई है कि कर्मचारी राशन, दवाई तक नहीं खरीद पा रहे है। फीस जमा नहीं करने के कारण बच्चों का दाखिला भी लंबित है। उन्होंने शीघ्र वेतन भुगतान की मांग की है। उन्होंने बताया कि कांग्रेस शासन काल में सम्मान राशि 4000 हर माह मिलता था जिसे अब बंद कर दिया गया है।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरिया

रानी सूर्यमुखी देवी महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सुषमा चौरे के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। मास्टर ट्रेनर डॉ. चेतन साहू थे।

प्रशिक्षण का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. चौरे, संयोजक डॉ. राजेन्द्र शर्मा तथा मास्टर ट्रेनर डॉ. साहू ने मॉ. सरस्वती की पूजा अर्चना कर किया। प्राचार्य ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन की बिंदुओं के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि सभी विश्वविद्यालय,शासकीय एवं निजि महाविद्यालयों में वर्तमान सत्र से नई शिक्षा नीति लागू कर दिया गया है जिसका संचालन के लिए शैक्षणिक और गैर शैक्षणिक स्टाफ को मिलजुल कर करना है। उन्होंने बताया कि स्नातक स्तर पर सेमेस्टर सिस्टम लागू हो रहा हैं, जिसमे प्रति 6 माह में विश्वविद्यालय द्वारा सेमेस्टर सिस्टम से परीक्षा ली जाएगी। संयोजक डॉ. राजेन्द्र शर्मा ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति क्रियानवयन से शिक्षा के क्षेत्र में परिवर्तन होगा साथ ही उद्योग, कृषि, रोजगार आदि के क्षेत्रो में भी परिर्वतन आएगा। संचालन उष्यंत कुमार एवं आभार प्रदर्शन डॉ.

श्रीकृष्ण गौशाला में चारा का पुख्ता इंतजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

श्री कृष्ण गौशाला कमेटी पिंजरपोल में पशुधन को पर्याप्त आहार उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है इसी कड़ी में गौशाला प्रांगण में अंजला घास की खेती शुरू किया गया। बिना लागत वाले इस घास के उत्पादन से गायों में कैल्शियम की कमी दूर होती है साथ ही दूध की मात्रा बढ़ती है। घास उत्पादन के लिए कमेटी ने 16 बाई 16 का टेंक बनाया है। दो दिन में ही अंजला घास का उत्पादन हो जाता है। रोजाना 2- 2 टैंक से अंजला घास पशुओं को चारा के रूप में दिया जाता है। यह जानकारी समिति अध्यक्ष बिरेन्द्र अग्रवाल ने दी।

विकास अधिकारी संदीप सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

भारतीय जीवन बीमा में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए विकास अधिकारी संदीप जैन को विशाखापट्टनम में आयोजित आल इंडिया एसबीए मीट में सम्मानित किया गया है। एलआईसी शाखा राजनांदगांव में कार्यरत श्री जैन को यह सम्मान चालू वित्तीय वर्ष में सेन्ट्रल जोन मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ़ में पॉलिसी मानक पर प्रथम आने पर प्रदान किया गया।

जानकारी के अनुसार बिशाखापट्टनम में बीते दिवस आयोजित ऑल इंडिया एसबीए मीट में एलआईसी के लगभग 25 हजार विकास अधिकारियों में से मात्र 70 लोगों को आमंत्रित किया गया था। आठ लोग एलीट ग्रुप में सम्मानित किए गए।

उल्लेखनीय बात यह है कि इस मीट में छत्तीसगढ़ के मात्र दो एसबीए को आमंत्रित किया गया था। आल इंडिया एसबीए मीट में यह सम्मान एलआईसी के चेयरपर्सन सिद्धार्थ मोहंती, मैनेजिंग डॉयरेक्टर एम जगन्नाथ, एग्जीक्यूटिव डॉयरेक्टर धर्मपाल, दक्षिण मध्य क्षेत्र के क्षेत्रीय प्रबंधक श्याम सुंदर एवं पुनीत कुमार ने श्री जैन को प्रदान किया। श्री जैन इससे पहले चार बार उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए चेयरपर्सन से सम्मानित हो चुके है। इस उपलब्धि पर राजनांदगांव के वरिष्ठ शाखा प्रबंधक एसके सिंह, डोंगरगढ़ शाखा प्रबंधक सतीश बखला, संजीव सूद, मुकेश सिंह, पलाश त्रिपाठी, जैन समाज के देशराज जैन, जिनेन्द्र जैन, खूबचंद, हजारीलाल, अरूण जैन, सतीश जैन, प्रबोध जैन, प्रमोद जैन, राहुल जैन, राजकुमार, विमल जैन, महेश साहू, उमेश हत्थेल, विजय सिन्हा, रूपेन्द्र वर्मा, सुनील मोहबंशी, डोमन साहू, उमेश साहू, रोहित, हेमलता, पूनाराम, मुकेश, लालचंद वर्मा ने बधाई दी है।

हरियाली लाने के लिए किया वृहद पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

विकल्प एक प्रयास के तत्वावधान में वृहद् पौधरोपण 7 जुलाई को हाई स्कूल मैदान में किया गया। कार्यक्रम में लगभग 50 पौधे का रोपण किया किया। संस्था के सदस्य मनोज गुप्ता ने कहा की संस्था द्वारा समय समय पर ऐसे रचनात्मक कार्य किया जाता है। संस्था हर वर्ष सफ़ाई कर्मी का सम्मान करती है। यह जानकारी निज़ार जीवा ने दी।

अर्जुनी। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के मुख्य आयुक्त डॉ सोमनाथ यादव एवं राज्य सचिव कैलाश सोनी के निर्देशानुसार धनीराम साहू किसान उच्चतर माध्यमिक शाला अर्जुनी में पौधरोपण किया गया। कार्यक्रम में राज्य उपाध्यक्ष राजेन्द्र गोलछा, संरक्षक दिनेश गांधी, जिला शिक्षा अधिकारी अभय जायसवाल शामिल हुए। सांसद प्रतिनिधि टामेश साहू, ब्लाक अध्यक्ष टोमन साहू, सरपंच द्रौपदी साहू, हरिचरण सोनी, बीईओ आरएल पात्रे, प्राचार्य विभा पांडे आदि ने स्काउट- गाइड के साथ शाला परिसर में 50 पौधे लगाए। इस मौके पर श्री पात्रे, अध्यक्ष श्री साहू आदि ने पर्यावरण की स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए पौधरोपण पर जोर दिया। विजय साहू ने पौधे संरक्षण की शपथ दिलाई। इस मौके पर देवेंद्र अम्बादे, मयूख श्रीवास्तव, टोमन पटेल, नीरेंद्र नीलम साहू, अंजलि वैदय, रूपधर राणा, दिनेश साहू, नारद भुआर्य, महेश ठाकुर, सीता सोरी, लोकेश्वरी भंडारी, भारती साहू, भूपेश यदु, भोजराज देवांगन, विकास कुंजाम आदि मौजूद थे।

कुमरदा। घुपसाल के मां दन्तेश्वरी मंदिर परिसर एवं नीचे रिक्त भूमि पर वृहद पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर जिला किसान मोर्चा के अध्यक्ष हीरेन्द्र साहू, मंडल अध्यक्ष बोधन साहू, नूनकरण भुआर्य, नवीन साहू, देवा साहू, डेविड कौशल उपस्थित थे। ग्रामवासियों ने इस मौके पर पौधों की सुरक्षा करने का संकल्प लिया। इस दौरान केशव साहू, रामकुमार विश्वकर्मा, लोमस साहू, बलराम श्रीवास, गौकरण भुआर्य, भगवानी भंडारी, द्वारिका साहू, कैलाश चौधरी, पूरण टांडेकर, कोमल साहू, खिलावन साहू, ईश्वरी साहू, महाबति भुआर्य आदि मौजूद थे।

स्कूल परिसर में लगाए शोभाकारी पौधे

अंबागढ़ चौकी। प्रा.शाला सिरलगढ़ में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों, पालकों एवं ग्रावासियों ने शाला परिसर एवं मैदान के चारों तरफ बॉटम पाम, एरिका पाम, नारियल, आम, बरगद, कटहल, केला, पारिजात आदि के 50 पौधों का रोपण किया। इस मौके पर शिक्षक नीलकंठ कोमरे, योगेंद्र देवांगन ने पौधों की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए सभी से पौधे लगाने का आव्हान किया। इस दौरान चुन्नूराम चंद्रवंशी, नरबद कुमेटी, सालिक राम, बिसरु राम चंद्रवंशी, हरिक चंद्रवंशी, चंद्रशेखर चंद्रवंशी, चंद्रकुमार सिन्हा, पीताम्बर, चतुर सिंह, बिसलाल, कुशल, हेमलाल, पन्नालाल, गौतरिया, बिजेंद्र सिन्हा, वासुदेव, हेमिन, सविता मौजूद थे।

पाठक सूचना

राजनांदगांव जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319268069, 9425565082

COURT NOTICE

In the Court of Civil Judge, Junior Division-XIII, at Jamshedpur
Original Suit No. 146 of 2021

Laxman & Others ... Plaintiffs
Versus
V. Keshi Rao & Others ... Defendants

To,
1. Sawati, W/o Chatram Sinha, R/o Village- Parewadih, Ward No. 14, Makan No. 15, P.O. Beirdih, District- Rajnandgaon, Chhattisgarh, 2. Ishwar Sinha, S/o Ramgreet, R/o Village- Kanari, P.O. Dangargaon, District- Rajnandgaon, Chattisgarh, 3. Mangli, wife of Mahesh Sinha, daughter of Late Ramgrit, resident of Village- Salhetola, Tahsil- Churia, District- Rajnandgaon, Pin-491556, Chhattisgarh.

Whereas the plaintiffs above named has filed above noted Original Suit wherein you are defendants and despite issuance of summons by the registered post and its due delivery you have failed to appear before this court. You are hereby directed to appear before this court on 20.07.2024 at 10:30 either personaly or by a pleader duly instructed. Take notice that in default of your appearance on the day before mentioned, the suit will be heard and determined in your absence.

Given under my hand and seal of the court, this 1day of July 2024.

Sd/- Civil Judge Junior Division-XIII
Jamshedpur

Recognized by
Indian Nursing Council & C.G. Nurses Registration Council

NURSING EDUCATION

B.Sc. Nursing
4 Years Course

P.B. B.Sc. Nursing
2 Years Course

100% CAMPUS PLACEMENT

RASTOGI COLLEGE OF NURSING
Affiliated by Pt. D.D. U. M. Health Sciences & Ayush University, Raipur
G.E. ROAD, TEDESARA, DIST.- RAJNANDGAON (C.G.)
www.rastoginursing.com • rcnrjn@rastoginursing.com
09300252200, 09300558500

खबर संक्षेप

बिजली कटौती के विरोध मे कांग्रेस का धरना आज

खैरागढ़। भाजपा सरकार बनने के बाद से सरप्लस बिजली वाले प्रदेश मे कटौती और दर मे बढ़ोतरी को लेकर कांग्रेसी अंबेडकर चौक मे धरना प्रदर्शन करेंगे। जिलाध्यक्ष गजेंद्र ठाकरे ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के आदेशानुसार प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद से सरप्लस बिजली होने के बाद भी कटौती और खपत दर में बढ़ोतरी किया जा रहा है जिससे बिजली उपभोक्ताओं सहित किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। इसके विरोध में शहर व ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा एक दिवसीय धरना प्रदर्शन ब्लॉक मुख्यालय के अंबेडकर चौक में किया जाएगा। धरना प्रदर्शन के ब्लॉक प्रभारी मिहिर झा होंगे वही विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा भी धरने में शमिल होंगी। उन्होंने ब्लाक में निवासरत वरिष्ठ कांग्रेस जन, पूर्व विधायक, प्रदेश-जिला व ब्लाक पदाधिकारी, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, किसान कांग्रेस, पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, एनएसयूआई, सेवादल, कांग्रेस के समस्त मोर्चे संगठन प्रकोष्ठ विभाग के जिला ,ब्लाक अध्यक्ष जिला पदाधिकारीकरण, नगर पंचायत के अध्यक्ष, पार्षद पूर्व एल्डरमैन, त्रिस्तरीय पंचायती राज के जिला व जनपद, ग्राम पंचायत के कांग्रेस समर्पित निर्वाचित सदस्यों सहित प्रमुख रूप से बूथ, जोन, सेक्टर बूथ प्रभारी व कांग्रेस कार्यकर्ताओं को धरना प्रदर्शन में शामिल होने की अपील की है।

वित्तीय साक्षरता पर तीन दिवसीय कार्यशाला आयोजित

राजनांदगांव। शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव की प्राचार्य डॉ. अंजना ठाकुर के मार्गदर्शन तथा आइक्यूएसी को-ऑर्डिनेटर डॉ. अनीता साहा एवं जिला एनएसएस प्रभारी डॉ. सुरेश पटेल के नेतृत्व में डिपार्टमेंट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी द्वारा वित्त पोषित एवं पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर के सहयोग से वित्तीय साक्षरता विषय पर अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों के लिए 4 से 6 जुलाई तक तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के प्रथम दिवस उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि जिला पंचायत के डिप्टी फाईनेंस ऑफिसर कैलाश कुमार खुटियारे ने प्रतिभागियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तथा फाइनेंशियल मैनेजमेंट से जुड़े कई बिंदुओं पर जानकारी दी। प्राचार्य डॉ. अंजना ठाकुर ने प्रतिभागियों को बजट बनाकर वित्त के प्रबंधन की सलाह दी। प्रथम वक्ता के रूप में डॉ. सुरेश पटेल ने वित्तीय साक्षरताः बचत, बजट एवं निवेश विषय पर विद्यार्थियों को मार्गदर्शन दिया। द्वितीय वक्ता के रूप में डॉ. डीपी कुर्रे ने वित्तीय साक्षरता का महत्वः वर्तमान में भारत में वित्तीय साक्षरता का स्तर विषय पर प्रभावशाली उद्बोधन दिया एवं विद्यार्थियों के प्रश्नों के भी उत्तर दिए।

गोटाटोला से की पेड़ लगाने की शुरूआत

एक पेड़ मां के नाम अभियान की भाजपा ने की शुरूआत

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

भारतीय जनता पार्टी के निर्देशन पर जिला भाजपा अध्यक्ष मदन साहू के नेतृत्व में ग्राम गोटाटोला हायर सेकेंडरी स्कूल प्रांगण में भारतीय जनता पार्टी के समस्त पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान की शुरूआत किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि मदन साहू शामिल हुए। स्कूल प्रांगण में लगभग 30-40 पेड़ों का वृक्षारोपण किया गया।

इस अवसर पर जिला महामंत्री नम्रता सिंह, जिला उपाध्यक्ष खोरबहराम यादव, लखन कलामे, नरसिंह भंडारी, छगन बढ़ई, दुखीराम यादव, राजू डोगरे, कमल तपड़िया, धरमजीत सिन्हा, प्यारेजयसवाल, देवप्रसाद नेताम, मदन कोठारी, शाला के शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं शामिल रहे।

सभी लोग एक पौधा मां के नाम जरूर लगाए

भाजपा अध्यक्ष मदन साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पर्यावरण को बचाने देशवासियों से पेड़ लगाने की अपील किया है। पीएम मोदी ने मन की बात के 111 एपिसोड में विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर एक पेड़ मां के नाम अभियान की शुरूआत किया। इस दौरान पीएम मोदी ने अपील की है कि सभी लोग एक पेड़ अपनी मां के नाम जरूर लगाए, क्योंकि दुनिया का सबसे बड़ा अनमोल रिश्ता मां का होता है। हम सबके जीवन में मां का दर्जा सबसे ऊंचा होता है। मां हर दुख-सुख सहकर अपने बच्चों का पालन पोषण करती है। हर मां अपने बच्चों पर हर स्नेह लुटाती है, जन्मदाता मां का ये प्यार हम सब पर एक कर्ज की तरह होते, जिसे कोई छुपा नहीं सकता। पीएम मोदी इसके लिए विश्व पर्यावरण दिवस पर एक खास अभियान की शुरूआत किया। इस अभियान का नाम एक पेड़ मां के नाम है।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर प्रशिक्षण

कॉन्फ्लुएंस कॉलेज में एक दिवसीय आयोजन

राजनांदगांव। कॉन्फ्लुएंस कॉलेज में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर डॉ. आशानंद मखीजा द्वारा नामित ट्रेनर रहे। कार्यक्रम प्रभारी सहायक प्राध्यापक धनंजय साहू ने कहा कि वर्तमान सत्र में यू जी कक्षा के लिए नई शिक्षा नीति एक नई दिशा प्रदान करेगी।

प्राचार्य डॉ. रचना पांडे ने विषय विशेषज्ञ का स्वागत किया और उपस्थित प्राध्यापकों को ध्यानपूर्वक राष्ट्रीय शिक्षा नीति के बदलाव को समझने का आग्रह किया।

कार्यक्रम का संचालन करते प्रो. विजय मानिकपुरी ने कहा कि 21वीं सदी के भारत की जरूरत को पूरा करने भारतीय शिक्षा प्रणाली में बदलाव हेतु नई शिक्षा नीति 2020 लाया गया है। वह नई प्रणाली भारत को विश्व के अग्रणी देशों के समकक्ष ले आएगी। यह नीति भारत को वैश्विक ज्ञान महाशक्ति बनाने की विचारधारा पर आधारित है। इसका उद्देश्य स्कूल और कॉलेज की शिक्षा को अधिक समग्र बहुविषयक और लचीला बनाना है। यह शैक्षिक ढांचे की नवीनीकृत संरचना है।

मास्टर ट्रेनर डॉ. आशानंद मखीजा द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति के उद्देश्य, महत्व और प्रभावी क्रियान्वयन के साथ-साथ विषयों का पूल, समावेशी, विकास शिक्षा, इंटर्नशिप, शिक्षा को सार्वभौमिक रूप से सुलभ बनाने की प्रक्रिया सहित नई शैक्षणिक संरचना पर महत्वपूर्ण जानकारी विस्तार पूर्वक देते कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 महत्वपूर्ण परिवर्तनकारी सुधारों का मार्ग प्रशस्त करने वाला है।

नई शिक्षा नीति का लक्ष्य 2030 तक स्कूली शिक्षा में 100 प्रतिशत जीईआर के साथ प्री स्कूल से माध्यमिक स्तर तक शिक्षा सार्वभौमिक करण करना है।

कार्यक्रम में अशोक जोशी, भुवनेश्वर देवांगन, अमित चौरसिया, जनक देवांगन, कामिनी हुमबे, साक्षी श्रीवास्तव, अभिषेक शर्मा, रितेश कुमार बोरकर, प्रीति इंदौरकर, राधेलाल देवांगन, धनंजय साहू, आभा प्रजापति, सुमन साहू, मयंक देवांगन, सुधीर मिश्रा, देविका देवांगन, पायल देवांगन, देवराज साहू, फुलवंतीन जघेल, चंद्रिका, प्रियंका सहित अन्य लोग

कमलेश्वर का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

खंड स्तरीय प्रवेशोत्सव में सांसद संतोष पांडेय ने कन्या शाला में पदस्थ व्याख्याता भूगोल कमलेश्वर सिंह को डाक्टरेट की मानद उपाधि का प्रमाणपत्र सौंपकर सम्मानित किया। आजादी का अमृत महोत्सव व कौशल भारत कुशल भारत थीम तहत कौशल विकास व उद्यमिता मंत्रालय द्वारा किसी व्यक्ति विशेष द्वारा विषय विशेष मे लगातार अध्ययन अध्यापन, समाज मे सकारात्मक प्रभाव पडने लायक शोध व नवाचार की अनुकरणीय कार्य संपादित किया हो उन्हें डॉक्टरेट की मानद उपाधि परिषद के स्थायी समिति से चयन बाद दिया जाता है।

गौरतलब है कि शासकीय कन्या उमाशा में कार्यरत कमलेश्वर सिंह 1995 से अपने विषय के अध्ययन अध्यापन कार्य का सजगता से निर्वहन करते आ रहे है। इसके अलावा बौद्धिक, शिक्षा, स्वास्थ, पर्यावरण, साहित्य संस्कृति और सामाजिक क्षेत्र में जन जागरुकता लाने का काम कर रहे है। परिषद द्वारा जारी मानद उपाधि का प्रमाणपत्र मिलने पर कमलेश्वर सिंह को सुनील कुमार गुनी, अनुराग सिंह, धृतेंद्र सिंह, राजू यादव, भानु मेश्राम, प्रणय महोबे, अजय राजपूत, सुजीत सिंह चौहान सहित समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं व संकुल समवयकों ने बधाई दी है।

स्कूल बसों की आरटीओ और यातायात पुलिस ने की जांच

खैरागढ़। एसपी त्रिलोक बंसल के निर्देश पर आरटीओ और यातायात विभाग की संयुक्त टीम ने स्कूल बसों की जांच पड़ताल की। सुप्रीम कोर्ट की गाईड लाईन का पालन करने के निर्देश साथ यातायात संबंधी नियम कानूनों की स्कूल बस चालकों और प्रबंधन को जानकारी दी गई। संयुक्त टीम के साथ फतेह मैदान में शिविर लगाकर चालकों का स्वास्थ्य परीक्षण और गाड़ी का फिटनेस टेस्ट किया गया। चेकिंग दौरान स्कूल प्रबंधन को नियम-शर्तों का पालन करने की हिदायत दी गई। शहरी और देहात क्षेत्रों में संचालित होने वाली स्कूल बसों मे बच्चों की सुरक्षा को लेकर बरती जा रहा व्यवस्था का जायजा लिया। प्राथमिक उपचार से संबंधित फस्ट एड बॉक्स व अग्निशमन यंत्र की भी जांच की गई। साफ-सफाई कर उपकरणों को उचित जगह रखने की हिदायत साथ चालकों को विद्यार्थियों की जान-माल की सुरक्षा जिम्मेदारी का सावधानीपूर्वक निर्वहन करने कहा गया। चालक और सह-चालक को गणवेश में रहने की समझाईश दी गई। समर्थ अभियान तहत स्कूल बसों में सुप्रीम कोर्ट के 16 बिंदुओं की गाइड लाइंस को पालन करने कहा गया।

पशुक्रूरता अधिनियम में गिरफ्तार आरोपी की अस्पताल में मौत

डोंगरगढ़। पशु क्रुरता अधिनियम के मामले में गिरफ्तार आरोपी को डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा उसकी बीमारी के चलते परिजनों के हवाले छोड़ दिए जाने की जानकारी सामने आ रही है। उक्त युवक की 5 जुलाई को भिलाई के एक निजी अस्पताल में मौत हो गई।

बेलगांव निवासी मृत युवक टंकेश्वर कंवर के भाई शिव कुमार ने बताया कि, 2 जुलाई को पुलिस घर पहुंची और टंकेश्वर के साथ मुझे भी थाने ले गए। वहां मेरे भाई पर पशु क्रुरता अधिनियम के मामले में बगैर ठोस जांच के सीधे एफआईआर दर्ज कर दी गई। इसके बाद गिरफ्तार युवक को पुलिस अस्पताल लेकर गई और फिर वापस लाकर उसे परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

यहां से परिजन उसे लेकर अलग-अलग अस्पतालों का चक्कर काटते रहे। लेकिन इस दौरान पुलिस का कोई जवान उनके साथ मौजूद नहीं था। शिव कुमार ने बताया कि, टंकेश्वर पिछले कई दिनों से बीमार था। उसके पैर का घाव काफी बढ़ चुका था। युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डोंगरगढ़ से उसके परिजन ही मेडिकल कॉलेज पेंड्री लेकर पहुंचे। इसके बाद वे उसे निजी अस्पताल श्रीराम हॉस्पिटल लेकर गए जहां से भिलाई स्थित स्पर्श अस्पताल में उसे दाखिल करवाया गया। यहीं युवक ने दम तोड़ दिया। पैर में चोट से जुझ रहे युवक की मौत दिमाग की नस फटने से हुई है। परिजनों ने उसका पीएम भी करवाया है। परिजनों के मुताबिक पुलिस ने सिर्फ उस पर एफआईआर की, उसकी फोटो खिंचवाई गई और उसके बाद युवक को अपनी कस्टडी में नहीं रखा। उसके ईलाज के दौरान अस्पताल में भी कोई जवान मौजूद नहीं रहा।

वेसलियन स्कूल में मना शाला प्रवेशोत्सव

खैरागढ़। शहर के अमलीपारा स्थित वेसलियन स्कूल में शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। प्राचार्य एस मसीह सहित शिक्षक-शिक्षिकाओं ने स्कूल के प्रवेश द्वार पर ही छात्र-छात्राओं को तिलक लगाकर उनका स्वागत अभिनंदन किया साथ ही नव प्रवेशी बच्चों को मिठाई व चॉकलेट खिलाकर मुंह मीठा कराया। प्राचार्य एस मसीह ने छात्र-छात्राओं को अनुशासित होकर अध्ययन करने की प्रेरणा देते हुए उन्हें अध्ययन सामग्री दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस दौरान शिक्षक-शिक्षिकाओं सहित अभिभावक मौजूद थे।

40 हजार से अधिक लगाए गए पौधे

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में मिशन जल रक्षा अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन के लिए वृक्षारोपण महाभियान अंतर्गत जिला प्रशासन द्वारा उद्योगों, स्वयंसेवी संस्थाओं एवं जनसहभागिता से सघन पौधरोपण किया गया और जिलेभर में 40 हजार से अधिक पौधे लगाए गए। ग्राम पंचायत एवं नगरीय निकायों के तालाबों, शासकीय स्कूलों, चारागाह, पशु आश्रय स्थल, आंगनबाड़ी, धान खरीदी केंद्र, विभिन्न सड़कों में पौधरोपण किया गया।

शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पर्यावरण को बेहतर बनाने तथा पर्यावरण प्रदूषण को दूर करने सभी सहभागी बने। कलेक्टर संजय अग्रवाल के नेतृत्व में जिले में संचालित वृक्षारोपण महाभियान में सभी दिल से जुड़कर शामिल हुए। पौधरोपण के साथ ही पौधों की सुरक्षा के लिए ट्री गार्ड लगाए गए। पौधरोपण के लिए मिशन मोड में योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया गया।

मिशन जल रक्षा अंतर्गत जल संरक्षण अंतर्गत सबके सहयोग से कारगर कदम उठाए जा रहे हैं। जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह के निर्देशन में टीम ग्रामीण क्षेत्रों में जल संरक्षण के लिए जागरूकता लाने लगातार कार्य कर रही है। लगातार समन्वय एवं मेहनत का सुखद परिणाम यह रहा कि एक ही दिन व्यापक पैमाने पर इतनी बड़ी संख्या में पौधरोपण किया गया।

जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर के लिए तिथियां निर्धारित

राजनांदगांव। शासन के निर्देशानुसार ग्रामीणों की आवश्यकता, शिकायतों एवं समस्याओं के समाधान के लिए विभिन्न ग्रामों में प्रत्येक माह दो जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहेंगे। शिविर में ग्रामीणों की शिकायतों, समस्याओं एवं मांगों का यथासंभव त्वरित निराकरण किया जाएगा। शिविर के माध्यम से शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने एवं ग्रामीणों को जानकारी देने विभागों द्वारा स्टॉल लगाया जाएगा।

जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर के आयोजन के लिए वर्ष 2024 में तिथियां एवं ग्रामों का निर्धारण किया गया है। इसके अनुसार 25 जुलाई को राजनांदगांव के ग्राम भरेंगांव, 8 अगस्त को डोंगरगांव के ग्राम अर्जुनी, 23 अगस्त को छुरिया के ग्राम बेंडारी, 12 सितम्बर को डोंगरगढ़ के ग्राम बागरेकसा, 28 सितम्बर को राजनांदगांव के ग्राम पटेवा, 4 अक्टूबर को डोंगरगांव के ग्राम अमलीडीह, 25 अक्टूबर को छुरिया के ग्राम परेवाडीह, 16 नवम्बर को डोंगरगढ़ के ग्राम मोहारा, 30 नवम्बर को राजनांदगांव के ग्राम बघेरा, 6 दिसम्बर को डोंगरगांव के ग्राम टप्पा एवं 27 दिसम्बर को छुरिया के ग्राम घोठिया में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा।

भारत ब्रांड चावल में हेराफेरी कर ढाई हजार करोड़ से अधिक का घोटाला

- महंगाई से राहत देने शुरू की गई भारत ब्रांड योजना भी घोटाला की भेंट चढी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि भारत ब्रांड योजना के चावल में घोटाला करके प्रदेश में ढाई हजार करोड़ से अधिक का चावल घोटाला किया गया। महंगाई से पीड़ित जनता को सस्ते दरों पर अनाज उपलब्ध कराने शुरू की गई योजना भी भाजपा सरकार की कमीशनखोरी और भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई।

इस योजना के तहत चावल 29 रु किलो, राहर दाल 60 रु, आटा 27 रु किलो में बेचना था। भारत ब्रांड सामान खरीदने के लिए आधार कार्ड को लिंक करना था। प्रदेशभर में 90 प्रतिशत आधार कार्डधारकों ने भारत ब्रांड से कोई भी सामान की खरीदी नहीं किया है। इस योजना से राजनांदगांव जिला में ही 80 करोड़ से अधिक की चावल घोटाला हुआ है। प्रदेशभर में ढाई हजार करोड़ रुपए से अधिक का चावल घोटाला हुआ है।

कस्टममिलिंग में खपाया

प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि भारत ब्रांड चावल में हेराफेरी हुआ है, उसके अलावा जो कस्टम मिलिंग के लिए धान राइस मिलों को दिया जाता है, उसमें भी बड़ा खेल हुआ। कस्टम मिलिंग की धान की कुटाई कर एफसीआई में जमा करने के बजाय राइस मिलरों ने भारत चावल का बड़ा पैकेट बनाकर अपना मार्का लगाकर एफसीआई में जमा कर दी और धान को खुले बाजार में बेचकर करोड़ों रुपए की काली कमाई की।

पीएमओ से होगी शिकायत

वर्तमान में 6 महीना में ही भाजपा की सरकार ने अपना रंग दिखाना शुरू कर दिया है और गरीबों के अनाज में डाका डाला जा रहा है, हेराफेरी किया जा रहा है। इस पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए और जिम्मेदारों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई होना चाहिए। कांग्रेस पार्टी भारत ब्रांड योजना में हुई गड़बड़ी की शिकायत प्रधानमंत्री से करेगी।

निर्धारित समय तक सुनिश्चित करें साफ-सफाई

- आयुक्त ने ली स्वास्थ्य विभागकी बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने स्वास्थ्य विभाग की बैठक में सफाई दरोगा व वार्ड प्रभारियों से स्वास्थ्य सेवाओं में गुणात्मक सुधार लाने के निर्देश देते कहा कि सभी वार्डों में निगम के सफाई मित्र निर्धारित समय तक साफ-सफाई करना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही बारिश को ध्यान में रखते सफाई व्यवस्था दुरूस्त रखेंगे।

आयुक्त गुप्ता ने कहा कि वर्तमान में ठेका वार्डों में सफाई ठेका निरस्त होने के कारण साफ-सफाई प्रभावित हो रही है। उन वार्डों में भी निगम के सफाई मित्रों से सफाई कार्य कराया जाना है। जिसके लिए सभी वार्डों में सफाई मित्रों को बांटकर सफाई कराना है। उन्होंने कहा कि सभी सफाई दरोगा व वार्ड प्रभारी प्लानिंग कर निर्धारित समय तक सभी वार्डों में सफाई कराएंगे। शहर के प्रमुख मार्गों के अलावा, बाजार व व्यवसायिक क्षेत्र में साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखना है। पार्षदों एवं नागरिकों की शिकायतों का यथासंभव निराकरण करना है। किसी भी प्रकार की परेशानी में उच्च अधिकारियों को अवगत कराना है। आयुक्त गुप्ता ने वार्डवार कार्यरत सफाई मित्रों की जानकारी लेते कहा कि जो कर्मचारी ठीक से काम नहीं करते तथा अनुपस्थित रहते हैं, उन्हें समझाईस दें। लंबे समय से अनुपस्थित कर्मचारियों के विरूद्ध कार्रवाई करें, उनके स्थान पर दूसरे कर्मचारी भेजे। उन्होंने कहा कि इस विषम परिस्थिति में सीमित संसाधनों में कुशलतापूर्वक कार्य करना है, अपने सफाई मित्रों को अच्छा कार्य करने प्रेरित करें। शहर में यह संदेश दें कि निगम के नियमित कर्मचारी अच्छा कार्य कर रहे हैं। बारिश को ध्यान में रखकर सफाई व्यवस्था दुरूस्त करें, पानी भरान क्षेत्रों के नाली-नालों की समुचित रूप से सफाई करें। नागरिकों को भी सफाई के प्रति जागरूक करें, स्वच्छता अपनाने समझाईस दें। बैठक में स्वास्थ्य अधिकारी दीपक अग्रवाल, सहायक अभियंता प्रणय मेश्राम, स्वच्छता निरीक्षक दीपक श्रीवास्तव सहित मिशन क्लीन सिटी प्रभारी, सफाई दरोगा व वार्ड प्रभारी उपस्थित थे।

छात्रों के प्रवेश के लिए रखी बात : राजा

राजनांदगांव। एनएसयूआई प्रदेश सचिव शुभम प्रजापति ने दिग्विजय कॉलेज प्राचार्य से फाइनल ईयर में छात्रों के एडमिशन के लिए बात रखी। एनएसयूआई संयुक्त प्रदेश महासचिव राजा यादव ने बताया कि दिग्विजय कॉलेज के छात्र लगातार एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं से संपर्क कर रहे हैं कि इस बार सेकंड ईयर के पास छात्रों को इस बार फाइनल ईयर में नियमित तौर पर एडमिशन नहीं दिया जा रहा है।

इसका विरोध एनएसयूआई करती है और प्राचार्य से मांग करती है कि इन छात्रों को एडमिशन दे। उन्होंने कहा कि अगर इन छात्रों को दिग्विजय महाविद्यालय में एडमिशन नहीं मिला तो इन्हें जिले के महाविद्यालय में एडमिशन मिलना भी मुश्किल होगा, क्योंकि बहुत से विषय सभी महाविद्यालय में नहीं है। एनएसयूआई जिला सचिव मिथलेश चंदेल ने कहा कि पीजी कक्षा में बहुत से छात्रों को दूसरे महाविद्यालय में एडमिशन लेना है, लेकिन छात्रों को टीसी मिलने में भी देरी हो रही है। इस कारण कहीं वो वंचित न हो जाए, एडमिशन लेने से ऐसे छात्रों को प्राथमिकता से पहले टीसी दें। इस दौरान राजा यादव, शुभम प्रजापति, मिथलेश चंदेल, आयुष सिन्हा, संजय, कमलेश साहू, संतोष दीपक, मयंक आदि उपस्थित रहे।

प्रत्येक शनिवार को स्वच्छता त्यौहार का हो रहा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिले के ग्रामों में प्रत्येक शनिवार को स्वच्छता त्यौहार का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत बीते दिनों जिले के विभिन्न ग्रामों में स्वच्छता त्यौहार का आयोजन किया गया। जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह के निर्देशन में ग्रामीणों, समूह की महिलाओं, स्वच्छग्राही दीदीयों द्वारा गली, मोहल्ले, तालाबों, स्कूलों, आंगनबाड़ी केंद्रों, पेयजल स्त्रोतों के पास सहित ग्राम के अन्य स्थलों की स्वच्छता अभियान चलाकर साफ-सफाई की गई। सफाई के दौरान जनसामान्य को गीला एवं सूखा कचरा अलग-अलग करने कहा गया। कृषि मित्र दीदीयों द्वारा गीला कचरा का उपयोग घर पर ही जैविक खाद बनाकर किचन गार्डन, पेड़-पौधों एवं गमले में उपयोग करने के बारे में बताया गया। स्कूली बच्चों द्वारा रैली निकालकर ग्राम को स्वच्छ बनाने ग्रामीणों को जागरूक किया गया। विद्यालयों में शिक्षकों द्वारा स्कूली बच्चों को प्रश्नोत्तरी के माध्यम से भी स्वच्छत्ता के प्रति जागरूक किया गया तथा बच्चों को अपने घर-परिवार को भी स्वच्छता संबंधित बातें बताने कहा गया।

सार समाचार

मनाया गया सीए व डॉक्टर्स-डे

राजनांदगांव। लायंस इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3233 सी, अहिंसा परमो धर्मः 2024-2025 के लायन एमजेएफ सुधीर जैन के नेतृत्व में लायंस क्लब राजनांदगांव सिटी 066 386 द्वारा अध्यक्ष तरनदीप सिंग अरोरा की अध्यक्षता में सीए-डे एवं डॉक्टरर्स-डे का आयोजन मुख्य अतिथि पद्मश्री डॉ. सुरेंद्र दुबे की काव्य प्रस्तुति के साथ एक होटल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विशिष्ट अतिथि के रूप में बृजकिशोर सुरजन, राजेश जैन, पवन पटेल शामिल थे। कार्यक्रम का संचालन गौतम बाफना एवं सुनील बरड़िया के उत्कृष्ट संयोजन सराहनीय रहा।

आस्था मूकबधिर शाला में मना प्रवेशोत्सव

राजनांदगांव। समाजसेवी संस्था आस्था मूकबधिर शाला का प्रवेशोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। संस्था के अध्यक्ष एवं पदाधिकारियों ने बच्चों के शिक्षा को और सुचारू रूप से संचालित करने के दिशा निर्देश दिए। वहीं संस्था अध्यक्ष महेंद्र जैन सुराना द्वारा संस्था की सभी छोटी-बड़ी जरूरतों को पूर्ण करने आश्वस्त किया गया। शाला में बच्चों को तिलक लगाकर भेंट स्वरूप स्कूल बैग, कलर पेंसिल, कंपोक्स बॉक्स देकर शाला सत्र की शुरूआत की गई। पदाधिकारियों ने बच्चों को आशीर्वाद और शुभकामनाएं दी। इस दौरान राजेश जैन, कमलेश बैद, ललित भंसाली, प्रकाश सांखला, अखिलेश सुराना, राकेश शर्मा, नलिन कोठारी, निकहत परवीन, संगीता अग्रवाल, शिव राठी आदि उपस्थित थे।

जयंती पर संगोष्ठी सभा आयोजित

राजनांदगांव। जिला भाजपा ने शनिवार को भाजपा कार्यालय में डॉ. श्यामप्रसाद मुखर्जी की जयंती पर संगोष्ठी सभा का आयोजन किया। इस दौरान उनके तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया गया। संगोष्ठी सभा में प्रदेश प्रवक्ता नीलू शर्मा एवं किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने कहा कि आज जम्मू कश्मीर में जो शांति की स्थिति है, इसका प्रमुख कारण धारा 370 का हटना है। जिसके पीछे डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी थे। जिसके कारण ही भाजपा ने अपना ध्येय बनाया। वक्ताओं ने बताया कि मुखर्जी का जन्म 6 जुलाई 1901 को एक सभ्य परिवार में हुआ था। उनके पिता आशुतोष बाबू ख्याति प्राप्त शिक्षाविद थे, इसलिए उन्हें प्रारंभ से ही घर के उच्च संस्कार मिले। उन्होंने नेहरू और गांधी की तुष्टिकरण की नीति का सदैव खुलकर विरोध किया था। मीडिया सेल के अनुसार दोपहर 3 बजे से भाजपा कार्यालय में आहुत संगोष्ठी में जिला महामंत्री राजेंद्र गोलछा ने भी डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी पर धारा प्रवाह उद्बोधन दिया। तत्पश्चात मंडल अध्यक्ष तरूण लहरवानी, अतुल रायजादा एवं अशोक आदित्य श्रीवास्तव, मनोज साहू ने अपने विचार रखें। कार्यक्रम का संचालन गोलू सूर्यवंशी एवं आभार प्रदर्शन ग्रामीण मंडल महामंत्री देवकुमारी साहू ने किया।

पर्यावरण जागरूकता रैली का आयोजन

राजनांदगांव। गायत्री विद्यापीठ में कक्षा नर्सरी से पांचवी तक के विद्यार्थियों के बीच पर्यावरण जागरूकता रैली निकालकर पर्यावरण दिवस एवं ग्रीन-डे मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों ने वन्य जीवों के संरक्षण हेतु आकर्षक वेशभूषा में वन्य जीवों की रक्षा व उनके महत्व का संदेश दिया। विद्यार्थियों द्वारा जनता में जागरूकता लाने के उद्देश्य से नीम, तुलसी जैसे औषधीय पौधों के साथ हरी शाक-भाजियों के बीज भी आसपास के घरों में लगाने दिए। बच्चों ने संदेश दिया कि पेड़-पौधों से ही मानव जीवन सुरक्षित है। घर पर लगाए गए शाक-भाजी स्वास्थ्य की दृष्टि से भी उत्तम है। बच्चों द्वारा हरियाली पर आधारित गीत, कविता बोलकर, गाकर जनता को जागरूक किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य शैलजा नायर ने प्रातःकालीन प्रार्थना सभा में पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते कहा कि वर्तमान में पृथ्वी पर बढ़ रहे प्रदूषण से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। आए दिन मौसम में परिवर्तन देखने को मिलता है। कहीं अल्पवृष्टि, कहीं अतिवृष्टि, कई प्राकृतिक आपदाओं से हम प्रभावित होते ही रहते हैं। इन सभी से बचने वातावरण को स्वच्छ व सुंदर बनाना हमारा दायित्व बनता है। विद्यालय के आसपास के क्षेत्रों में नर्सरी से पांचवी तक के विद्यार्थियों ने भव्य रैली में शानदार प्रदर्शन किया। आयोजन में वसुधा लड्ढा, सोनल रायचा एवं अन्य शिक्षकों का विशेष सहयोग रहा। उक्त आयोजन की सफलता के लिए बृजकिशोर सुरजन, संध्यादेवी सिंघल, राजेश जैन, गगन लड्ढा, निकुंज सिंघल, सूर्यकान्त चितलांग्या, नंदकिशोर सुरजन, सुषमा सुरजन, हरीश गांधी, रूपाली गांधी, अमित उत्तलवार, शैलजा नायर, रश्मि ठाकुर, अनिल वाजपेयी एवं शिक्षकों ने शुभकामनाएं दी। उक्त जानकारी व्याख्याता उषा झा ने दी।

वार्डों में आज सामाजिक सुरक्षा पेंशन शिविर

राजनांदगांव। नगर के सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों की सुविधा को ध्यान में रखते नगर निगम द्वारा प्रतिमाह पेंशन का भुगतान वार्डों में शिविर लगाकर किया जाता है। इसी कड़ी में हितग्राहियों को माह मई 2024 का पेंशन भुगतान के लिए वार्डों में 21 जून से 10 जुलाई तक सुबह 11.30 से दोपहर 4 बजे तक शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत कल 8 जुलाई को वार्ड नं. 24 के लिए सिंधु भवन लालबाग, वार्ड नं. 25 के लिए पुत्रीशाला व वार्ड नं. 26 के लिए सत्यनारायण धर्मशाला में शिविर का आयोजन किया गया है। शेष वार्डों के लिए भी शिविर आयोजित किया जाएगा। नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों से वार्डों में आयोजित शिविर में उपस्थित होकर पेंशन का लाभ लेने की अपील की है।

पीड़ित परिवार काट रहा थाने के चक्कर, एफआईआर भी नहीं

7 परिवार के 54 लोगों का हुक्कापानी बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले के ग्राम पंचायत घावडेटोला में 6 आदिवासी परिवार एवं एक सिन्हा परिवार के महिला, पुरुष, बुजुर्ग व मासूम बच्चों सहित 54 लोगों का गांव के सरपंच, पटेल द्वारा खाप पंचायत में दिए गए फरमान में हुक्का पानी बंद करते उन्हें बहिष्कृत कर दिया गया है। पीड़ित परिवारों के हालात ऐसा बना दिया गया है कि गांव के अन्य लोगों का बातचीत, बंद दुकान में किराना देने से मनाही के साथ-साथ मासूमों को भी दुत्कारा जा रहा है। पीड़ित लगातार दर्द लेकर गोटाटोला थाना पहुंच रहे हैं, परंतु उनकी शिकायत पर ना उन्हें पावती दी जा रही है और ना ही एफआईआर दर्ज की जा रही है।

मोहला विकासखंड के ग्राम पंचायत घावडेटोला से बेदखल पीड़ित परिवारों के बयान के अनुसार गांव में अनुचित तौर पर बैगा गुनियाई के खिलाफत करने के साथ-साथ उनके द्वारा गलत कामों के लिए चंदा देने की मनाही करने पर सात परिवारों को 2 जुलाई के दिन घावडेटोला गांव में कटाकट बैठक रखते खाप पंचायत में गांव के सरपंच छगनलाल बढाई, पटेल रिशपाल भुआर्य तथा समाज के प्रबंधक पूरनलाल नायक तथा अन्य दो लोगों की अगवाई में दबावपूर्वक फरमान सुनते हुक्का पानी बंद करते उन्हें गांव से बहिष्कृत कर दिया गया है।

पीड़ितों के मुताबिक गांव के दुकान में ना उन्हें किराना सामान मिल रहा है और ना उनके बच्चों से कोई बात कर रहा है। इस संपूर्ण मामले की शिकायत पीड़ितों द्वारा 5 जुलाई को गोटाटोला थाना में लिखित शिकायत दी गई है, परंतु थानेदार ना उन्हें पावती दे रहे हैं और ना ही मामले में आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर रहे हैं। जिसके बाद गांव में और भी तनाव का माहौल बना हुआ है।

लगातार थाना का काट रहे हैं चक्कर

पिछले तीन-चार दिनों से घावडेटोला के बेदखल परिवार के मुखिया बरनलाल भुआर्य, तुलाराम भुआर्य, मनोहर गोआर्य, देव प्रसाद कुल्हारे, हेमंत सिन्हा, कुमार साय कोलियारे, लक्ष्मनुराम भुआर्य गोटाटोला थाना में लिखित शिकायत देकर थाना प्रभारी के निर्देश में रोजाना थाना का चक्कर काट रहे हैं, परंतु ना उन्हें थाना में उनके शिकायत पर पावती दी जा रही है और ना एफआईआर लिखी जा रही है।

की जाएगी कार्रवाई

पूरे मामले में संज्ञान लेते आगे की कार्रवाई की जाएगी। दोषियो के खिलाफ कार्रवाही की जाएगी।

अर्जुन कुर्रे,
एसडीओपी, अंबागढ़ चौकी-मोहला

मासूम बच्चे भी गांव से बेदखल

21वीं सदी में देश आगे बढ़ रहा है और इस आदिवासी अनुसूचित जनजाति क्षेत्र में हाल यह है कि गांव के खाप पंचायत में बात अगर नहीं मानी गई तो पूरे परिवार का हुक्का-पानी बंद घावडेटोला में पीड़ितों का हाल ऐसा है कि मासूम बच्चों को गांव में कापी, पेन, बिस्किट, चॉकलेट की बिक्री पर भी रोक लगा दिया गया है और ना ही बच्चों के साथ कोई गांव का अन्य व्यक्ति बात कर रहा है।

घर का ताला तोड़कर नगदी सहित सोने-चांदी का आभूषण चोरी

राजनांदगांव। घर का ताला तोड़कर चोरों ने नगदी रकम सहित सोने-चांदी का आभूषण चोरी कर लिया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। मामले की जांच की जा रही है।

पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत आदर्श नगर वार्ड क्र. 20 के एक मकान का ताला तोड़कर चोरों ने आलमारी में रखे 6 लाख रुपए नगद एवं एक नेकलेस, 2 नग रिंग, नाक की फुल्ली, नथ, एक जोड़ी कान का टॉप्स, एक जोड़ी झुमका, चांदी के जेवर 2 जोड़ी बिछिया, 2 अंगूठी, एक जोड़ी पायल कुल कीमती लगभग 9,50,000 रुपए की चोरी कर ली। घटना की रिपोर्ट प्रार्थी शिवेन्द्र भगत ने दर्ज कराई है। पुलिस ने इस मामले में अपराध दर्ज किया है। मामले की जांच की जा रही है।

दो साल से बकाया फसल बीमा की राशि जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत जिले के किसानों को खरीफ 2023 एवं रबी 2023-24 के दावा राशि का भुगतान हो गया है। दावा राशि का भुगतान समय पर मिलने पर जिले के किसानों में हर्ष व्याप्त है। किसानों ने बताया कि बीमा राशि समय पर मिलने के कारण वे अब आगामी फसल में उसका उपयोग बीज, खाद एवं अन्य कृषि जरूरतों में करेंगे।

उप संचालक कृषि नागेश्वरलाल पांडे ने बताया कि जिले के किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनांतर्गत भारतीय कृषि बीमा कंपनी लिमिटेड द्वारा खरीफ 2023 में 92 ग्रामों में कुल 9 हजार 919 कृषकों को उपज आधारित दावा भुगतान 12 करोड़ 62 लाख 6 हजार 506 रूपए जारी किया गया है। जिसमें राजनांदगांव तहसील के 22, डोंगरगांव तहसील के 3, डोंगरगढ़ तहसील के 6 और छुरिया तहसील के 61 ग्राम शामिल है।

इसी तरह रबी 2023-24 में 185 ग्रामों में कुल 16 हजार 403 कृषकों को उपज आधारित दावा भुगतान 13 करोड़ 88 लाख 95 हजार 364 रुपए जारी किया गया है। जिसमें राजनांदगांव तहसील के 54, घुमका तहसील के 30, डोंगरगांव तहसील के 11, डोंगरगढ़ तहसील के 24, लाल बहादुर नगर तहसील के 21, कुमरदा तहसील के 2 और छुरिया तहसील के 43 ग्राम शामिल है।

सहकारी बैंक में फिर दैवेभो भर्ती को लेकर पनपा विवाद, विधानसभा में भी होगी गूंज

- पूर्व सीएम ने 2011 से 2019 तक रखे गए कर्मियो की मांगी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक में अध्यक्ष रहे नवाज खान के कार्यकाल 2021 से 2023 के बीच रखे गए लगभग 51 दैनिक वेतनभोगियों को कार्य से पृथक करने के बाद अब यहां विवाद और बढ़ता जा रहा है। कांग्रेस के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इस मामले पर यह पूछा है कि जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक में वर्ष 2011 से 2019 के बीच कितने दैनिक वेतनभोगी रखे गए हैं और उन्हें कितना भुगतान किया गया है। जिसके साथ ही जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक में दैनिक वेतनभोगियों का मामला तूल पकड़ता जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि बैंक अध्यक्ष रहे नवाज खान के कार्यकाल में वर्ष 2021 और 23 के बीच 51 दैनिक वेतनभोगियों को रखा गया था, जिन्हें हटाते हुए बैंक के तत्कालीन सीईओ सुनील वर्मा और सुधीर सोनी को निलंबित कर दिया गया है। साथ ही पूरे संचालक मंडल पर अपराधिक प्रकरण दर्ज कराने की सिफारिश की गई है। इसी के साथ ही कांग्रेस ने अब बैंक के पूर्व अध्यक्षों के कार्यकाल में रखे गए दैनिक वेतनभोगियों की सूची मांगी है। बताया गया है कि वर्ष 2011 से 2019 के बीच 26 लोगों को दैनिक वेतनभोगी पद पर रखा गया है और अब तक कार्य कर रहे हैं और उन्हें कार्य से पृथक नहीं किया गया है। वेतन भुगतान के रूप में तकरीबन 4 करोड़ रुपए बैंक के खजाने से दिए गए हैं। अब इस मामले में भी तत्कालीन सीईओ सहित बैंक के डायरेक्टरों पर कार्रवाई की मांग उठ रही है। सूत्रों ने बताया कि वर्ष 2011 से 2019 के बीच जब यह नियुक्तियां की गई, उस दौरान बैंक के सीईओ श्री दिल्लीवार, एसके जोशी और प्रभात मिश्रा पदस्थ थे। इनके

खिलाफ भी कार्रवाई की मांग की गई है। 51 दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को हटाने के बाद भाजपा नेताओं के कार्यकाल में रखे गए कर्मचारियों और किए गए भुगतान को लेकर नया विवाद खड़ा हो गया है। कांग्रेस नेता नवाज खान के कार्यकाल में की गई भर्ती की जांच रिपोर्ट आ चुकी है, लेकिन 2011 से 2019 के बीच न तो कर्मचारियों को हटाया गया और न ही कोई जांच की गई है। जिसके कारण मामला और तूल पकड़ता जा रहा है। जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के सीईओ प्रभात मिश्रा का कहना है कि इस मामले में वे फाईल देखकर ही कुछ बता पाएंगे।

चिकित्सकों व मेडिकल विद्यार्थियों ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भारत रत्न स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय राजनांदगांव में चिकित्सक दिवस के अवसर पर ब्लड सेंटर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। अधिष्ठाता डॉ. रेणुका गहिने एवं पैथोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. प्रतिमा कुजूर ने पौधरोपण के साथ शिविर का शुभारंभ किया।

अधिष्ठाता डॉ. रेणुका गहिने ने चिकित्सक दिवस के अवसर पर चिकित्सकों एवं विद्यार्थियों द्वारा रक्तदान करने पर प्रशंसा की। उन्होंने सभी रक्तदाता चिकित्सकों एवं विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते आभार व्यक्त किया। इस

अवसर पर डॉ. अजय कोसाम, डॉ. राघव अग्रवाल, डॉ. अनिरूद्ध गांधी, डॉ. जलज गौतम समेत कुल 51 चिकित्सकों एवं मेडिकल विद्यार्थियों ने रक्तदान किया। पैथोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. प्रतिमा कुजूर एवं ब्लड सेंटर इंचार्ज डॉ. चंद्रशेखर इंदौरिया ने रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर डॉ. ज्योति चौधरी, डॉ. रिंकु सिंग, डॉ. विवके राठिया, चुमेश कुमार साहू, कमलेश कुमार निषाद, जुगेश कुमार टेकाम, कौशल प्रसाद साहू, रामेश्वरी सिंग, ममता साहू, दुर्गा निर्मलकर, धनेश्वरी साहू, मोरध्वज साहू, भोजेश्वर गंजीर उपस्थित थे।

शीतला मंदिर प्रांगण में पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शीतला मंदिर प्रांगण में 7 जुलाई को पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर पूर्व महापौर सुदेश देशमुख, एबीस ग्रुप के डायरेक्टर अंजुम अल्वी, रमेश श्रीवास्तव, डॉ. कृष्णमोहन श्रीवास्तव, भोला बक्शी, ऋषि श्रीवास्तव, प्रकाश श्रीवास्तव, अधिवक्ता अनिल, अधिवक्ता संजय, बाली श्रीवास्तव, देवेंद्रमोहन लाला, अभिराज प्रिंस, विष्णु ठाकुर, पुजारी राज महाराज, गुरु महाराज, मोहन, चंद्रकली श्रीवास्तव, आरती श्रीवास्तव, ज्योति श्रीवास्तव तथा मोहल्लेवासी शामिल थे। उक्त जानकरी नागेश श्रीवास्तव ने दी।

स्वस्थ शरीर में स्वस्थ बुद्धि का भी होता है वास - यादव

राजनांदगांव। पढ़ाई के साथ ही शरीर को तंदुरूस्त रखने समय सारिणी अनुसार खेल के प्रति भी रूचि रखने का संदेश पूर्व सांसद मधुसूदन यादव ने उ. मा. शाला हरदी के छात्र-छात्राओं को दिया। नगर के उ.मा.शाला हरदी में शनिवार को शाला प्रवेश उत्सव के कार्यक्रम में मधुसूदन यादव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

पूर्व सांसद श्री यादव ने विद्यार्थियों को मोबाईल और टीवी के प्रति मोह छोड़कर वह समय पढ़ाई के साथ खेल को देने का संदेश दिया। कार्यक्रम में बैंड-बाजे व पुष्पवर्षा के साथ मधुसूदन यादव सहित गणमान्य अतिथि धुरपत निषाद, तरूण लहरवानी, दामू भूतड़ा, तेजराम पटेल, चंद्रकृत साहू, लक्ष्मण नेताम, सुनील साहू, डिंपल श्रीवास, प्रवीण चक्रधारी, तेनसिंह साहू, रूपलाल साहू का स्वागत प्राचार्य कमल नारायण सिंह सहित शिक्षकों व विद्यार्थियों द्वारा किया गया। स्वागत भाषण में प्राचार्य श्री सिंह एवं व्याख्याता राकेश मिश्रा द्वारा हरदी शाला को पूर्व सांसद द्वारा दिए गए सौगातों व शाला में उपलब्धियों का उल्लेख किया गया। इस अवसर पर पूर्व सांसद ने अपने छात्र जीवन का संस्मरण सुनाते कहा कि एक आम छात्र की भांति पिता के व्यवसाय में हाथ बंटाने के साथ ही पढ़ाई करते उनका छात्र जीवन बीता है और लोगों की सेवा की भावना उनमें छात्र जीवन से ही रही है। घर कार्य के साथ ही छात्र-छात्राओं को पढ़ाई और खेल के लिए पर्याप्त समय मिलता है, जिसे विद्यार्थी व्यर्थ न गंवाए। कार्यक्रम में विशेष अतिथि तरूण लहरवानी व धुरपद निषाद ने विद्यार्थियों को संबोधित करते शासन द्वारा प्रदान की जा रही सुविधाओं, सरस्वती साइकिल वितरण, पाठ्य पुस्तक वितरण का लाभ उठाते लगन से पढ़ाई का संदेश दिया। पुस्तक वितरण उपरांत मुख्य अतिथि द्वारा शाला प्रांगण में वट वृक्ष पौधारोपण, नवप्रवेशी छात्राओं को साइकिल वितरण के साथ ही विधायक एवं छग विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह द्वारा प्रदत्त मंच निर्माण का भूमिपूजन किया गया।

खिलाड़ियों ने योग स्पर्धा में मारी बाजी

- योग प्रशिक्षक एवं योगाचार्य किशोर के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं खिलाड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

केशर नगर स्थित जेएलएम गायत्री विद्यापीठ में नेशनल योगासन स्पोर्ट्स फेंडरेशन द्वारा आयोजित तृतीय जिला स्तरीय योगासन खेल स्पर्धा में दिव्य ज्योति योग क्लासेस के प्रशिक्षणार्थियों ने एक बार फिर से अपना दबदबा कायम रखते अपने संस्थान का परचम लहराया।

दिव्य योग ज्योति क्लासेस के योग प्रशिक्षक किशोर माहेश्वरी ने बताया कि उनके द्वारा प्रशिक्षित प्रशिक्षणार्थियों ने विभिन्न आयु वर्गों में उत्कृष्ट खेल कौशल का जौहर दिखाते अपना लोहा मनवाया और ढ़ेर सारे स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक जीतकर अपने योग संस्थान और अपने माता-पिता का नाम एक बार फिर से रौशन किया। उन्होंने बताया कि सीनियर महिला आर्टिस्टिक और ट्रेडिंशनल दोनों ही स्पर्धाओं में जिले और प्रदेश की होनहार महिला योग खिलाड़ी दीक्षा ताम्रकार ने

अपने उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन करते स्वर्ण पदक पर अपना कब्जा जमाया।

वहीं जूनियर पुरूष वर्ग में प्रवीण साहू ने रजत पदक पर अपना कब्जा जमाया। सीनियर महिला आर्टिस्टिक वर्ग में गुंजन सिन्हा और श्रुति सिन्हा ने स्वर्ण पदक पक्का किया। सौम्या यादव और रीना श्रीवास ने रजत और सोनिया वर्मा और सोनम वर्मा ने कांस्य पदक अपने नाम किया। इस प्रकार से तीनों ही शीर्ष पदक संस्था की झोली में आए। दूसरी ओर अंडर-18 आयु वर्ग के अंतर्गत ट्रेडिंशनल सिंगल में प्रवीण साहू ने रजत पदक अपने नाम किया। सीनियर ट्रेडिंशनल एकल में विक्रम कुमार वर्मा ने स्वर्ण और खिलेश्वर साहू ने कांस्य जीता। सीनियर आर्टिस्टिक पेयर में भी विक्रम कुमार वर्मा और खिलेश्वर साहू की जोड़ी ने बाजी मारते स्वर्ण पदक पर अपना कब्जा जमाया। सोनिया वर्मा और सोनम वर्मा ने रिदमिक पेयर में स्वर्ण पदक जीता।

जूनियर आर्टिस्टिक पेयर में मोहित सोनी और प्रवीण साहू ने स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। जूनियर ट्रेडिशनल सिंगल इवेंट में भी मोहित सोनी और प्रवीण सोनी ने एक बार फिर से स्वर्ण पदक पर अपना कब्जा जमाया। प्रवीण कुमार पटेल और खेमचंद लाउत्रे ने इसी स्पर्धा में रजत पदक हासिल किया। इस दौरान योग प्रशिक्षक किशोर माहेश्वरी के साथ वरिष्ठ खिलाड़ी जयश्री साहू, अतुल लहरे, लक्ष्मी शेंडे, गीता

शिक्षकों व बच्चों ने किया पौधरोपण

राजनांदगांव। शासकीय हाईस्कूल जोशीलमती में शिक्षकों व बच्चों ने वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर कार्यक्रम प्रभारी व्याख्याता अजय चंद्रवंशी, व्याख्याता होरीलाल भुआर्य, व्याख्याता चैनकुमार सोनवानी, व्याख्याता गैंदलाल कोलियारे सहित स्कूली बच्चे उपस्थित थे।

प्रदेश सरकार के समक्ष रखी पटवारी संघ ने 16 सूत्रीय अपनी लंबित मांगे

लंबित मांगों को लेकर पटवारियों की आज से बेमुद्दत हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

राजस्व पटवारी संघ छत्तीसगढ़ जिला कबीरधाम ने प्रांतीय आव्हान पर अपनी लंबित 16 सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने का ऐलान किया है। इस संबंध में संघ के जिलाध्यक्ष पालेश्वर सिंह ठाकुर ने बताया कि प्रदेश सहित कबीरधाम जिले के पटवारी अपनी लंबित मांगों को लेकर वर्षो से संघर्ष करते आ रहे हैं और अपनी मांगों को लेकर शासन-प्रशासन को ज्ञापन सौंप रहे हैं, लेकिन आज पर्यंत उनकी मांगों पर कोई कार्यवाही नहीं की गई है। जिससे पटवारियों में भारी असंतोष व नाराजगी व्याप्त है। शासन की इसी उपेक्षा को देखते हुए अब पटवारियों ने 8 जुलाई से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने का ऐलान किया है। संघ के जिलाध्यक्ष नें बताया कि संघ ने अनिश्चितकालीन हड़ताल के संबंध में सूचना शासन-प्रशासन को दे दी है। उन्होने बताया कि पटवारियों को ऑनलाईन कार्य करने के लिए आज पर्यंत किसी प्रकार की सुविधा कम्प्यूटर, लैपटाप, प्रिंटर, स्कैनर, इंटरनेट आदि उपलब्ध नहीं कराई गई है। पटवारी अपने संसाधन से ऑनलाईन का कार्य करते हैं जो कि पटवारियों पर अतिरिक्त व्यय भार है। अतः पटवारियों को आवश्यक संसाधन एवं नेट भत्ता उपलब्ध कराया जाए। उन्होने बताया कि संबंध में पूर्व में भी राजस्व सचिव एवं संचालक भू-अभिलेख महोदय को ज्ञापन भी दिया गया था जिसका आज पर्यन्त तक निराकरण नहीं किया गया है जिससे प्रदेश के सभी पटवारी निराश एवं हताश है। ऑनलाईन नक्शा बटांकन, संशोधन पहले पटवारी आईडी में संबोधित कर राजस्व निरीक्षक की आईडी में भेजा जाता है जिसके कारण जब तक राजस्व निरीक्षक आईडी से अनुमोदन नहीं होता तब तक उसी नक्शे से संबंधित अन्य बटांकन या संशोधन नहीं किया जा सकता, जिसके कारण अनावश्यक विलंब होता है एवं पटवारी द्वारा अनुमोदन के लिए भेजा गया नक्शा बटांकन प्रस्ताव पटवारी आईडी में नहीं दिखता है जिससे त्रुटि की संभावना रहती है। सामान्यतः नक्शा का सर्वर अधिकांशतः नहीं खुलता है और खुलता भी है तो अत्यंत ही धीमा रहता है। प्रत्येक नक्शा बटांकन पश्चात दुबारा लॉगिन करना पड़ता है। जिसका अभी तक निराकरण नहीं किया गया है। जिले स्तर पर सहायक प्रोग्रामरों की पदस्थापना की जाये अभी छोटी-छोटी समस्या के लिए प्रोग्रामरों के निर्देशन की आवश्यकता पड़ती है एवं बार-बार रायपुर बुलाया जाता है जो कि व्यवहारिक नहीं है। त्रुटिपूर्ण खसरे जो बैंक में बंधक है जिनकी सूची बनाकर रायपुर भेजा गया है ऐसे खसरों को शृद्ध या विलोपित करने का आज तक आप्शन नहीं दिया गया है एवं न ही एनआईसी द्वारा उसको विलोपित किया जा रहा है। भूमि के कय विक्रय में जितने रकबा का बिकी होता है उसका उल्लेख ऑनलाईन में नहीं होता है। पटवारी को मैन्युअली ऑनलाईन भुईयाँ पोर्टल में रकबा दर्ज करना पड़ता है जिसमें त्रुटि की पूर्ण संभावना होती है और भुईयां में एक बार प्रविष्टि करने के पश्चात संसोधन का आप्शन नहीं होता है। अतः आपसे निवेदन है कि ऐसा सुधार किया जाए कि जितने रकबे का रजिस्ट्री होता है वह स्वतः ही भुईयाँ पोर्टल में प्रविष्ट हो जाए। संघ के जिलाध्यक्ष ने बताया कि संघ ने ऐसी ही 16 सूत्रीय मांगे शासन के समक्ष रखी है।

लोगों को उठानी पड़ेगी परेशानी, प्रभावित होंगे सरकारी कामकाज

यहां बताना लाजिमी होगा कि यह समय खेती किसानी है और फिर इन दिनो जिले में प्रशासन द्वारा राजस्व पखवाड़ा शिविर का भी आयोजन किया जा रहा है। माना जा रहा है कि ऐसे में अगर पटवारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाते हैं तो न सिर्फ इसका खामियाजा लोगों व किसानो को भुगतना पड़ेगा बल्कि सरकारी कामकाज में भी इस हड़ताल का व्यापक असर देखने को मिल सकता है।

भगतपुर स्कूल में प्रवेशोत्सव व न्योता भोज कार्यक्रम आयोजित

- विद्यार्थियों को नियमित स्कूल आने के लिए प्रेरित किया।

हरिभूमि न्यूज ⏭कोलेगांव

शासकीय माध्यमिक शाला भगतपुर में प्रवेश उत्सव एवं न्योता भोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें शनिवार को प्रवेश उत्सव व न्योता भोज का आयोजन मां सरस्वती की तैलचित्र में पूजा-अर्चनाकर किया गया।

इस कार्यक्रम में जनपद पंचायत सदस्य अमित चंद्रवंशी, उप सरपंच गौतम साहू, शाला प्रबंधन समिति रामफल चंद्रवंशी, दिलीप चंद्रवंशी, नंदु चंद्रवंशी एवं शिक्षक-शिक्षिकाएं द्वारा छात्र छात्राओं को तिलक व मिठाई खिलाकर विद्यार्थियों को गणवेश एवं पाठ्य पुस्तक वितरण किया गया। प्रधान पाठक श्रीमती सुरेखा चंद्रवंशी ने बताया किया न्योता भोज कार्यक्रम में सभी छात्र छात्राओं को केला, नमकीन, सलाद, पूड़ी, साग-सब्जी व आचार खिलाया गया सभी विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य निर्धारित करके नियमित स्कूल आने के लिए प्रेरित किया गया।

वहीं जनपद सदस्य अमित चंद्रवंशी द्वारा सभी बच्चों को एवं शाला परिवार को लेखनी से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उप सरपंच गौतम साहू, रामफल चंद्रवंशी, दिलीप चंद्रवंशी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता प्रीति चंद्रवंशी एवं शिक्षिका श्रीमती शकुंतला यदु, राजकुमारी एवं प्रधान पाठक श्रीमती सुरेखा चंद्रवंशी तथा शिक्षक-शिक्षिकाएं व छात्र छात्राएं उपस्थित थें।

खबर संक्षेप

सांसद कीर्ति देवी को बधाई देने राजमहल पहुंचें नंदलाल चंद्राकर

हरिभूमि कुण्डा। कवर्धा के राजा योगेश्वर राज सिंह एवं पूर्व विधायक कवर्धा की धर्मपत्नी श्रीमती कीर्ति देवी को त्रिपुरा राज्य के अगरतला संसदीय क्षेत्र से भारी मतों से विजयी होने पर एवं उनके अपने मायके में विजयी प्राप्त करने पर विश्व हिंदू परिषद दुर्ग संभाग महामंत्री नंदलाल चंद्राकर व विश्व हिंदू परिषद कबीरधाम जिला मंत्री मनोज सिंह ठाकुर नें श्रीमती कीर्ति देवी सांसद को राजमहल पहुंचकर बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की। उन्होंने कहां यह कि रानी साहिबा श्रीमती कीर्ति देवी विजयी होना त्रिपुरा के साथ ही साथ छत्तीसगढ़ राज्य के लिए भी गर्व की विषय है।

केशलीगोड़ान में किया गया पौधरोपण

हरिभूमि पंडरिया। वनांचल क्षेत्र के शासकीय प्राथमिक शाला केशलीगोड़ान में छत्तीसगढ़ राज्य में जलाएं जा रहें पौधरोपण अभियान एक पेड़ मां के नाम तहत विद्यालय परिषर में कदंब, जामुन, आंवला, आम, अमरूद, कटहल, करौदा व नीम का छाया व फलदार पौधरोपण किया गया। वहीं प्रधान पाठक शिवकुमार बंजारे ने पौधरोपण व संरक्षण करने अपील की गई। इस दौरान शिक्षक-शिक्षिकाएं व बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं व ग्रामीण जन उपस्थित थें।

विधायक भावना नें कुण्डा क्षेत्र के कार्यक्रमों में की शिरकत

हरिभूमि न्यूज ⏭कोलेगांव

शुक्रवार को पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा विधानसभा क्षेत्र क्रं 71 अंतर्गत कुण्डा मण्डल के विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत की। विधायक श्रीमती भावना बोहरा अपने निर्धारित कार्यक्रम के तहत ग्राम कुण्डा में भावना सेवा केंद्र में समस्या निवारण कार्यक्रम में कुण्डा सहित आसपास क्षेत्र के आम नागरिकों से रूबरू हुई एवं उनके समस्याओं से अवगत होकर समस्याओं का त्वरित निराकरण करने अस्वस्त की गई।

वहीं ग्राम कोलेगांव में दुष्यंत शर्मा के निज निवास में आयोजित संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा यज्ञ कार्यक्रम में शामिल होकर विधायक श्रीमती बोहरा श्रीमद्भागवत की पूजा-अर्चना कर कथा रसपान की साथ ही साथ क्षेत्र जनता की खुशहाली व समृद्धि की कामना की गई। तथा ग्राम धनेली-भगतपुर में स्व. रामभरोस साहू के परिवार से भेंटकर परिजनों को सांत्वना देते हुए शोक व्यक्त की। उक्त कार्यक्रम में रामाधार शर्मा, ओम यदु, मुकेश ठाकुर, सुरेश दुबे, नकुल पाण्डेय, रमन खनूजा, अश्वनी यदु, दिनेश चंद्रवंशी, भोला चंद्रवंशी, विनय शर्मा, गीताराम साहू, डॉ संतोष साहू, मनहरण साहू सहित ग्रामीणवासी व कार्यकर्ता गण उपस्थित थें।

उत्कृष्ट कार्य करने पर कीर्ति चंद्रवंशी सम्मानित

- विस अध्यक्ष डॉ रमन सिंह के हाथों सम्मानित हुई सुश्री कीर्ति चंद्रवंशी।

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

नेहरू युवा केंद्र संगठन रायपुर छत्तीसगढ़ युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के संयुक्त तत्वाधान में यूथ एसेम्बली मिशन लाईफ कार्यक्रम अंतर्गत विधानसभा छत्तीसगढ़ परिसर में एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह के कर कमल द्वारा नेहरू युवा केंद्र कवर्धा राष्ट्रीय युवा स्वयं सेविका व हमर भोरमदेव कला सेवा कल्याण समिति कबीरधाम महिला जिला अध्यक्ष सुश्री कीर्ति चंद्रवंशी को राष्ट्रीय युवा सेविका के रूप में उत्कृष्ट कार्य करने पर स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है जलवायु परिवर्तन में युवाओं की भूमिका एवं संसदीय कार्य को युवाओं को जानने और समझने का अवसर प्रदान करना छुपे हुए युवाओं के प्रतिभा को निखर कर मंच प्रदान करना तथा विधानसभा की कार्यवाही, संसदीय परंपरा को युवाओं की भूमिका निर्धारित करते हुए जलवायु परिवर्तन के विषय पर पूरा सदन का संचालन हुआ। जिसमें विधानसभा अध्यक्ष, मुख्यमंत्री, नेता प्रतिपक्ष विधायक, पक्ष, विपक्ष 33 जिला के आए हुए युवा ने प्रतिनिधित्व किया। सभी युवाओं एक अच्छा अनुभव इस कार्यक्रम के माध्यम से एक विधान सभा सदस्य के रूप में सभी युवाओं को स्वयं करने का अवसर मिला।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरिया

रानी सूर्यमुखी देवी महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सुषमा चौरे के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। मास्टर ट्रेनर डॉ. चेतन साहू थे।

प्रशिक्षण का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. चौरे, संयोजक डॉ. राजेन्द्र शर्मा तथा मास्टर ट्रेनर डॉ. साहू ने मॉ. सरस्वती की पूजा अर्चना कर किया। प्राचार्य ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन की बिंदुओं के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि सभी विश्वविद्यालय,शासकीय एवं निजि महाविद्यालयों में वर्तमान सत्र से नई शिक्षा नीति लागू कर दिया गया है जिसका संचालन के लिए शैक्षणिक और गैर शैक्षणिक स्टाफ को मिलजुल कर करना है। उन्होंने बताया कि स्नातक स्तर पर सेमेस्टर सिस्टम लागू हो रहा हैं, जिसमे प्रति 6 माह में विश्वविद्यालय द्वारा सेमेस्टर सिस्टम से परीक्षा ली जाएगी। संयोजक डॉ. राजेन्द्र शर्मा ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति क्रियानवयन से शिक्षा के क्षेत्र में परिवर्तन होगा साथ ही उद्योग, कृषि, रोजगार आदि के क्षेत्रो में भी परिवर्तन आएगा।

विकास अधिकारी संदीप सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

भारतीय जीवन बीमा में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए विकास अधिकारी संदीप जैन को विशाखापट्टनम में आयोजित आल इंडिया एसबीए मीट में सम्मानित किया गया है। एलआईसी शाखा राजनांदगांव में कार्यरत श्री जैन को यह सम्मान चालू वित्तीय वर्ष में सेन्ट्रल जोन मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ़ में पॉलिसी मानक पर प्रथम आने पर प्रदान किया गया।

जानकारी के अनुसार बिशाखापट्टनम में बीते दिवस आयोजित ऑल इंडिया एसबीए मीट में एलआईसी के लगभग 25 हजार विकास अधिकारियों में से मात्र 70 लोगों को आमंत्रित किया गया था। आठ लोग एलीट ग्रुप में सम्मानित किए गए।

उल्लेखनीय बात यह है कि इस मीट में छत्तीसगढ़ के मात्र दो एसबीए को आमंत्रित किया गया था। आल इंडिया एसबीए मीट में यह सम्मान एलआईसी के चेयरपर्सन सिद्धार्थ मोहंती, मैनेजिंग डॉयरेक्टर एम जगन्नाथ, एग्जीक्यूटिव डॉयरेक्टर धर्मपाल, दक्षिण मध्य क्षेत्र के क्षेत्रीय प्रबंधक श्याम सुंदर एवं पुनीत कुमार ने श्री जैन को प्रदान किया। श्री जैन इससे पहले चार बार उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए चेयरपर्सन से सम्मानित हो चुके है। इस उपलब्धि पर राजनांदगांव के वरिष्ठ शाखा प्रबंधक एसके सिंह, डोंगरगढ़ शाखा प्रबंधक सतीश बखला, संजीव सूद, मुकेश सिंह, पलाश त्रिपाठी, जैन समाज के देशराज जैन, जिनेन्द्र जैन, खूबचंद, हजारीलाल, अरूण जैन, सतीश जैन, प्रबोध जैन, प्रमोद जैन, राहुल जैन, राजकुमार, विमल जैन, महेश साहू, उमेश हत्थेल, विजय सिन्हा, रूपेन्द्र वर्मा, सुनील मोहबंशी, डोमन साहू, उमेश साहू, रोहित, हेमलता, पूनाराम, मुकेश, लालचंद वर्मा ने बधाई दी है।

हरियाली लाने के लिए किया वृहद पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

विकल्प एक प्रयास के तत्वावधान में वृहद् पौधरोपण 7 जुलाई को हाई स्कूल मैदान में किया गया। कार्यक्रम में लगभग 50 पौधे का रोपण किया किया। संस्था के सदस्य मनोज गुप्ता ने कहा की संस्था द्वारा समय समय पर ऐसे रचनात्मक कार्य किया जाता है। संस्था हर वर्ष सफ़ाई कर्मी का सम्मान करती है। यह जानकारी निज़ार जीवा ने दी।

अर्जुनी। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के मुख्य आयुक्त डॉ सोमनाथ यादव एवं राज्य सचिव कैलाश सोनी के निर्देशानुसार धनीराम साहू किसान उच्चतर माध्यमिक शाला अर्जुनी में पौधरोपण किया गया। कार्यक्रम में राज्य उपाध्यक्ष राजेन्द्र गोलछा, संरक्षक दिनेश गांधी, जिला शिक्षा अधिकारी अभय जायसवाल शामिल हुए। सांसद प्रतिनिधि टामेश साहू, ब्लाक अध्यक्ष टोमन साहू, सरपंच द्रौपदी साहू, हरिचरण सोनी, बीईओ आरएल पात्रे, प्राचार्य विभा पांडे आदि ने स्काउट- गाइड के साथ शाला परिसर में 50 पौधे लगाए। इस मौके पर श्री पात्रे, अध्यक्ष श्री साहू आदि ने पर्यावरण की स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए पौधरोपण पर जोर दिया। विजय साहू ने पौधे संरक्षण की शपथ दिलाई। इस मौके पर देवेंद्र अम्बादे, मयूख श्रीवास्तव, टोमन पटेल, नीरेंद्र नीलम साहू, अंजलि वैदय, रूपधर राणा, दिनेश साहू, नारद भुआर्य, महेश ठाकुर, सीता सोरी, लोकेश्वरी भंडारी, भारती साहू, भूपेश यदु, भोजराज देवांगन, विकास कुंजाम आदि मौजूद थे।

कुमरदा। घुपसाल के मां दन्तेश्वरी मंदिर परिसर एवं नीचे रिक्त भूमि पर वृहद पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर जिला किसान मोर्चा के अध्यक्ष हीरेन्द्र साहू, मंडल अध्यक्ष बोधन साहू, नूनकरण भुआर्य, नवीन साहू, देवा साहू, डेविड कौशल उपस्थित थे। ग्रामवासियों ने इस मौके पर पौधों की सुरक्षा करने का संकल्प लिया। इस दौरान केशव साहू, रामकुमार विश्वकर्मा, लोमस साहू, बलराम श्रीवास, गौकरण भुआर्य, भगवानी भंडारी, द्वारिका साहू, कैलाश चौधरी, पूरण टांडेकर, कोमल साहू, खिलावन साहू, ईश्वरी साहू, महाबति भुआर्य आदि मौजूद थे।

100 दिवसीय विशेष जन जागरुकता अभियान के तहत जिले में चलाया जा रहा अभियान

पीएम मातृ वंदना योजना में शासन द्वारा गर्भवती महिला को 5 हजार आर्थिक सहायता दिए जाने का हैं प्रावधान

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जिले में संचालित जिला महिला सशक्तिकरण केन्द्र का उद्देश्य महिलाओं के शोषण और भेदभाव को खत्म करना एवं महिलाओं के सशक्तिकरण और विकास के लिए मार्गदर्शन, सहायता और सहयोग प्रदान करना है। भारत सरकार के निर्देशानुसार एकीकृत महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम कार्यक्रम अंतर्गत 100 दिवस का जन-जागरुकता अभियान कार्यक्रम जिले में 21 जून से 04 अक्टुबर तक चलाया जा रहा हैं। जिसमें बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ सप्ताह, भारतीय न्याय संहिता सप्ताह, मातृत्व लाभ सप्ताह आदि जिसमें समाज में महिलाओं के प्रति जन-जागरुकता लाते हुए महिलाओं को सशक्त बनाया जा सकें।

महिला एवं बाल विकास विभाग के ज़िला कार्यक्रम अधिकारी आनंद तिवारी ने बताया कि जन-जागरुकता कार्यक्रम के तारतम्य मिशन शक्ति अंतर्गत महिलाओं के सशक्तिकरण एवं सुरक्षा-बचाव के लिए कलेक्टर जनमेजय महोबे के निर्देशानुसार 08 से 12 जुलाई तक मातृत्व लाभ सप्ताह अंतर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग जिला कबीरधाम द्वारा जिले के समस्त परियोजना कार्यालय में प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना के पंजीयन के लिए पीएमएमबीवाई पंजीयन अभियान की शुरुआत किया जा रहा है। प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना के अंतर्गत शासन द्वारा पहले बच्चे के जन्म पर दो किस्तो में 5 हजार की राशि दी जाएगी तथा दूसरी बालिका के जन्म पर एक 6 हजार की राशि एक मुश्त दिए जाने का प्रावधान है।

जागरुकता कार्यक्रम के तहत प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना के तहत गर्भवती महिलाओं का पंजीकरण किया जाएगा, जिसके पश्चात आंगनबाड़ी केन्द्रों में गर्भवती महिलाओं के न्यूटिशियन एवं अन्य महत्वपूर्ण विषय पर जागरुकता कार्यक्रम एवं अन्य विविध कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

न्यायालय नायब तहसीलदार 02 कुकदूर, जिला कबीरधाम (छ.ग.)

//ईश्तहार//

रा.प्र.क्र. ..... ब121/वर्ष-2023-24

आवेदिका प्रतिभा पति नंदूराम जाति बैगा निवासी बंदना तहसील कुकदूर जिला-कबीरधाम (छ.ग.)

ईश्तहार द्वारा आम जनता ग्राम बंदना पं.ह.नं. 01 को सूचित किया जाता है कि आवेदिका प्रतिभा पति नंदूराम जाति बैगा निवासी ग्राम बंदना, तहसील कुकदूर जिला कबीरधाम के द्वारा तहसीलदार कुकदूर के समक्ष इस आशय का आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि मेरी पति नंदूराम पिता जोन्हूराम का मृत्यु दिनांक 12/07/2018 को ग्राम बंदना में हुआ है, जिसका मृत्यु प्रमाण पत्र प्रदान किया जावे।

इस संबंध में जिस किसी को भी कोई आपत्ति हो तो अपना आपत्ति पत्र स्वयं उपस्थित होकर दो प्रति में दिनांक 09/07/2024 समय 11.00 बजें तक प्रस्तुत कर सकते है। उपरोक्त निर्धारित तिथि पश्चात प्राप्त आपत्ति पत्र को अमान्य समझा जावेगा।

आज दिनांक 25/06/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से ग्राम में ईश्तहार जारी किया गया।

जारी दिनांक - 25.06.2024
पेशी दिनांक - 09.07.2024

मुहर

नायब तहसीलदार
कुकदूर

पाठक सूचना

कवर्धा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425554555, 8889139071

खबर संक्षेप

सेमेस्टर परीक्षा के परिणाम की घोषणा

कवर्धा। हेमचंद विवि के विभिन्न पाठ्यक्रम के सेमेस्टर परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया है। इसमें एमए भूगोल चतुर्थ सेमेस्टर, एमएससी आईटी द्वितीय सेमेस्टर, एमए राजनीति विज्ञान द्वितीय और चतुर्थ सेमेस्टर शामिल है। ये परीक्षा मई-जून 2024 में आयोजित की गई थी। परीक्षा परिणाम विवि की वेबसाइट पर अपलोड है। अधिक जानकारी के लिए विवि की वेबसाइट का अवलोकन कर सकते हैं।

आत्मनिर्भर योजना से मिलेंगे 10 लाख रुपए

कवर्धा। केंद्र सरकार द्वारा आत्मनिर्भर भारत अभियान अंतर्गत खाने की वस्तुएं बनाने के लिए लोगों को प्रोत्साहित करने प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना संचालित है। वर्ष 2024-25 के लिए जिले में 75 हितग्राहियों को लाभान्वित करने का भौतिक लक्ष्य प्राप्त हुआ है। जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक ने बताया कि खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में कार्यरत व कार्य करने के इच्छुक व्यक्ति योजना का लाभ ले सकते हैं जिसमें परियोजना लागत का 35 प्रतिशत अधिकतम 10 लाख रुपए अनुदान प्रदान की जाएगी। योजना अंतर्गत आवेदन ऑनलाईन पीएमएफएमई के पोर्टल में करना होगा।

हादसा: नहीं थम रही लापरवाही, ग्राम घुटरकुंडी के पास हादसा

फिर पलटी सवारी से भरी पिकअप वाहन, नौ घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जिले के विकासखण्ड पंडरिया के ग्राम बाहपानी में अभी हाल के महिनो में हुए दर्दनाक सड़क हादसे में 19 लोगों की मौत के बाद भी न तो माल वाहक वाहनो में सवारियों को ढोने वालों ने कोई सबक लिया है और न ही इन माल वाहक वाहनो में सवारी करने वाले ही अपनी जान जोखिम में डालने से कोई गुरेज कर रहे हैं। ऐसी ही लापरवाही के बीच रविवार को एक बार फिर सवारियों से भरे एक पिकअप मालवाहक वाहन के सड़क हादसे का शिकार होने की घटना सामने आई है। जिसमें वाहन सवार करीब नौ लोग घायल बताए जा रहे हैं। जिसमें से कुछ गंभीर भी है। सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पंडरिया में दाखिल कराया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार की सुबह एक पिकअप वाहन चालक कुछ लोगों को धान रोपाई कराने के लिए ले जा रहा था। बताया जाता है कि इसी दौरान लापरवाही और तेज गति से वाहन चलाए जाने के कारण ग्राम घुटरकुंडी के पास पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खेत में पलट गई। जिसमें वाहन सवार नौ लोग घायल हो गए। घटना के बाद वाहन सवारों के बीच चीख पुकार मच गई। जिसे सुनकर आसपास के लोग मदद के लिए मौके पर पहुंचे और वाहन में फंसे घायलों को निकाला गया। इसी बीच घटना की जानकारी डायल 112 तथा पंडरिया पुलिस को दी गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने सभी घायलों को ईलाज के लिए पंडरिया सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में दाखिल कराया है। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने कुछ लोगों को गंभीर चोट आने की जानकरी दी है। जिनका ईलाज किया जा रहा है। वहीं पुलिस ने इस मामले में आरोपी वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। हालांकि अभी तक वाहन चालक की गिरफ्तारी के संबंध में कोई जानकारी नहीं मिल पाई है।

कार्यवाही का भी नहीं दिख रहा है असर

ऐसा नहीं है कि माल वाहक वाहन चालकों की इस तरह की लापरवाही के विरूद्ध कार्यवाही न की जा रही हो। विगत दिनो पंडरिया विकासखण्ड के ग्राम बाहपानी में पिकअप वाहन के पलटने से 19 लोगों की मौत के बाद से परिवहन विभाग द्वारा लगातार माल वाहक वाहनो में सवारी ढोने वालों के खिलाफ कार्यवाही की जा रही है। लेकिन इस कार्यवाही का भी कोई असर देखने को नहीं मिल रहा है। हालांकि ऐसे लापरवाह वाहन चालकों के विरूद्ध स्थानीय पुलिस प्रशासन कार्यवाही करने में गुरेज कर रहा है। ऐसे में माना यही जा रहा है कि क्षेत्रीय पुलिस प्रशासन को भी इस तरह की लापरवाही पर नजर रखते हुए वैधानिक कार्यवाही करनी चाहिए।

ग्रामीण क्षेत्रों में धड़ल्ले से माल वाहक वाहनो में ढोई जा रही सवारी

खेती किसानी के इन दिनो में जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में मजदूरों को लाने ले जाने के लिए धड़ल्ले से मालवाहक वाहनो का उपयोग किया जा रहा है। इसके अलावा ग्रामीण और वनांचल ईलाकों में लगने वाले साप्ताहिक हाट बाजारों में भी माल वाहक वाहनो का उपयोग सावारियों को लाने ले जाने में किया जाता है। हालांकि ये कोई नहीं बात नहीं है कि अगर जिला मुख्यालय कवर्धा में किसी राजनैतिक दल के बड़े नेता का कार्यक्रम हो तो भीड़ को लाने ले जाने के लिए माल वाहक वाहनो का ही उपयोग किया जाता है।

जिले के स्काउट-गाइड ने किया वृहद पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ रायपुर राज्य मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव एवं राज्य सचिव कैलाश सोनी के निर्देशानुसार एवं जिला शिक्षा अधिकारी व जिला आयुक्त योगदास साहू के मार्गदर्शन तथा जिला संगठन आयुक्त स्काउट अजय चंद्रवंशी के नेतृत्व में जिले के रामनगर कवर्धा, दैहानडीह लोहारा, राजानवागांव बोड़ला व कुंडा, पण्डरिया में वृहद रूप से जिले के स्काउट, गाइड, रोवर, रेंजर, स्काउटर, गाइडर के द्वारा वृक्षारोपण किया गया। वृक्षारोपण स्कूल परिसर, अस्पताल परिसर कॉलोनी परिसर, पंचायत कार्यालय परिसर इत्यादि स्थानों पर छायादार, फलदार, पुष्पदार एवं औषधि जड़ी बूटी पौधा लगाया गया। जिसमें जिले के भोरमदेव रोवर ओपन क्रू कवर्धा, स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय कवर्धा, मां सिंहवाहिनी रेंजर ओपन टीम कवर्धा, स्वामी विवेकानंद हाई स्कूल कवर्धा, शासकीय हाई स्कूल दैहानडीह, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजानवागांव, स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट हिंदी/अंग्रेजी माध्यम विद्यालय कहचरी पारा कवर्धा, सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पांडातराई, शासकीय हाई स्कूल घोंघा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुंडा, शासकीय हाई स्कूल कैलाश नगर कवर्धा के प्रभारी सहित स्काउट गाइड ने एक वृक्ष अपने मां के नाम से वृक्षारोपण किया! इस कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला आयुक्त योगदास साहू, सहायक संचालक महेंद्र कुमार गुप्ता, श्रीमति सुमन गुप्ता, प्रदीप चंद्राकर, दीपक राजपूत का विशेष सहयोग रहा।

धूमधाम से निकली भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा

रथ यात्रा में उमड़ी भक्तों की भीड़

- मंदिर समितियों ने भक्तों को बांटा गजा मूंग का प्रसाद

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

रथ द्वितीया के अवसर पर रविवार को नगर के विभिन्न मंदिरों से भगवान जगन्नाथ, भैया बलभद्र और बहन सुभद्रा जी की प्रतिमा को सुसज्जित रथों में स्थापित कर भव्य एवं आकर्षक रथयात्रा गाजे बाजे के साथ निकाली गई। रथयात्रा दोपहर 3.30 बजे राधाकृष्ण मंदिर से निकली। नगर के प्रमुख मंदिरों के रथ स्थानीय करपात्री चौक से अखाड़े, बाजीगरी, बाजे-गाजे व भजन मंडली की अगुवाई में कतारबद्घ चलते हुए अनुपम व मनमोहक छटा बिखेरते नगर के शीतला मंदिर चौक, ऋषभ देव चौक, महावीर स्वामी चौक, नगरपालिका चौक, जय स्तम्भ चौक तथा राजमहल चौक होते हुए मोती महल पहुंचे। जहां राज परिवार ने रथ में स्थापित भगवान जगन्नाथ, भैया बलभद्र और बहन सुभद्रा जी की विधि विधान से पूजा अर्चना की। नगर में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी रथ द्वितीया का पर्व श्रद्घा-भक्ति एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। नगर के विभिन्न मंदिरों के रथों को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। स्थानीय राधाकृष्ण मंदिर से आधा दर्जन रथों के पीछे सैक ड़ों की संख्या में श्रद्धालु चल रहे थे। रथ यात्रा के आगे बाजीगरों की टोली हैरतअंगेज करतब दिखाकर लोगों को दांतों तले उंगलिया दबाने मजबूर कर रही थी। इस रथयात्रा में राधाकृष्ण बड़े मंदिर, मेकरी मंदिर, राम मंदिर, मठ मंदिर सहित नगर के कई मंदिरों से रथ में भगवान जगन्नाथ, भैया बलभद्र और बहन सुभद्रा जी की प्रतिमा विराजित करने पश्चात रथयात्रा निकाली गई। रथयात्रा में करपात्री पार्क के पास सभी मंदिरों से निकलने वाले रथ कतारबद्घ हुए और रथयात्रा नगर भ्रमण हेतु आगे बढ़ी। भक्तों द्वारा चौक-चौराहों में पूजन आरती व मंदिर समितियों द्वारा मिश्री, मूंगदाल एवं तुलसीदल का प्रसाद गजामूंग वितरित किया गया। ऐसा माना जाता है कि, गजामूंग का यह प्रसाद, महाप्रसाद की भांती फलदायी होता है। इसे सामाजिक परिवेश में लोग एक दूसरे को खिलाकर मैत्री संबंधों में प्रगाढ़ता लाते हैं। इसी प्रकार अंचल के नगर पंचायत पिपरिया, बोड़ला, पाण्डातराई, सहसपुर लोहारा, पंडरिया में भी भगतवान जगन्नाथ की रथ यात्रा हर्षोल्लास के साथ धूमधाम से निकाली गई।

यातायात को व्यवस्थित करने विभाग की पेट्रोलिंग शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कबीरधाम पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक पल्लव के निर्देश पर यातायात पुलिस ने कवर्धा शहर में यातायात व्यवस्था दुरूस्थ करने, शहर के प्रमुख चौक-चौराहों के लिए बाईक पेट्रोलिंग अभियान की शुरूआत की है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विकास कुमार, पुष्पेन्द्र बघेल के मार्गदर्शन में स्वयं यातायात प्रभारी आरआई प्रवीण खलखों एवं यातायात टीम द्वारा कवर्धा शहर के प्रमुख चौक-चौराहों में बाईक पेट्रोलिंग की गई।

इस दौरान मुख्य सड़कों पर वाहनों की गलत पार्किंग और व्यवसायिक सामान फैला कर राहगीरों का आवागमन बाधित करने वालों को समझाईश दी गई। बाईक पेट्रोलिंग के दौरान यातायात के नियमों का पालन नहीं करने वालों के खिलाफ कार्यवाही भी की गई। यातायात प्रभारी आरआई प्रवीण खलखों ने बताया कि यह अभियान निरंतर जारी रहेगा। उन्होने बताया कि कबीरधाम जिले में लगातार यातायात जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। नागरिकों को यातायात नियमों के पालन करने जागरूक किया जा रहा है। यातायात पुलिस द्वारा नियमों का पालन नहीं करने वालों पर कार्यवाही भी की जा रही है। यातायात पुलिस और परिवहन विभाग की संयुक्त टीम ने नए शिक्षा सत्र प्रारंभ होने के पूर्व सभी स्कूल बसों का प्रारंभिक जांच कर स्कूल प्रबंधन, चालक-परिचालक को यातायात के नियमों के बारे में बताया गया है। यातायात प्रभारी खलखों ने बताया कि इसके साथ ही ड्रिंक ड्राइव, नाबालिकों, दो पहिया वाहन पर तीन सवारी, स्पीड बाइकर, मॉडिफाई साइलेंसर, प्रेशर हॉर्न पर लगातार कार्यवाही की जा रही है।

कवर्धा शहर में लगातार जारी रहेगा पेट्रोलिंग अभियान

यातायात प्रभारी प्रवीण खलखों ने बताया कि बाईक पेट्रोलिंग यातायात थाना से प्रारंभ हुई जो एकता चौक, सिंगनल चौक, बस स्टैंड, गुरूनानक गेट, नवीन बाजार चौक, ठाकुर देव चौक, स्टेट बैंक, मेन बाजार, महावीर स्वामी चौक, सराफा लाईन, लोहारा नाका, परशुराम चौक, अंबेडकर चौक, गायत्री मंदिर के पास चौपाटी सहित कवर्धा शहर के विभिन्न भीड़-भाड़ इलाकों वाले जगहों में पेट्रोलिंग कर बेतरतीब सड़कों पर रखे सामान रखने वाले, नो पार्किंग में वाहन खड़े करने वालो को समझाईस दी गई।

ट्रक में लगी भीषण आग, अनियंत्रित होकर चट्टान से टकराई, बाल-बाल बचे सवार

हरिभूमि न्यूज ⏭चिल्फीघाटी

जिले के चिल्फीघाटी थाना क्षेत्र से गुजरने वाले नेशनल हाईवे 30 में रविवार की सुबह एक ट्रक में भीषण आग लग गई। ट्रक में आग लगने के बाद चालक ने अपना नियंत्रण ट्रक पर से खो दिया और ट्रक सड़क किनारे एक चट्टान से जा टकराई।

हालांकि की इस दुर्घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। ट्रक चालक व परिचालक ने अपनी सूझबूझ का परिचय देते हुए ट्रक में आग लगने के साथ कूदकर अपनी जान बचा ली। प्राप्त जानकारी के अनुसार के अनुसार रविवार की सुबह चिल्फीघाटी थाना क्षेत्र से होकर गुजरने वाले नेशनल हाईवे 30 से जबलपुर से रायपुर की ओर जा रहा एक ट्रक में नुमान मंदिर के पास कैबिन में अचानक आग लग गई।

ट्रक में आग लगने की भनक लगने के साथ ही चालक हड़बड़ा गया और उसने ट्रक पर पर से अपना नियंत्रण खो दिया जिसके चलते ट्रक सड़क किनारे चट्टान से टकराकर खड़ी हो गई और चालक व परिचालक ने ट्रक से कूदकर अपनी जान बचा ली। बताया जाता है कि ट्रक में लगी आग देखते ही देखते ट्रक में फैल गई। वहीं घटना की जानकारी चिल्फी पुलिस को दी गई। सूचना पाकर मौके पर दमकल अमले के साथ पहुंची पुलिस ने ट्रक में लगी आग पर काबू पा लिया है।

समस्या...

कवर्धा। ग्राम दलपुरवा में पक्की नाली के आभाव में नहीं हो पा रही है पानी की निकासी, गांव की गलियों में भर रहा बारिश का पानी।

क्षेत्र के 8 ग्राम पंचायत की 23 ग्रामों को मिलेगा लाभ, पुलिस प्रशासन की पहल

वनांचल ग्राम झलमला में खुला एसबीआई का ग्राहक सेवा केंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक पल्लव (भापुसे) एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विकास कुमार (भापुसे) के निर्देशन में संजय ध्रुव उप पुलिस अधीक्षक नक्सल ऑपरेशन एवं थाना प्रभारी संतोष ठाकुर के प्रयासों से सामुदायिक पुलिसिंग के तहत ग्राम झलमला में भारतीय स्टेट बैंक द्वारा ग्राहक सेवा केंद्र खोला गया है। जिसका गत शनिवार को विधिवत शुभारंभ किया गया। माना जा रहा है कि ग्राम झलमला में ग्राहक सेवा केंद्र के खुलने से आसपास के ग्रामों को कई फायदे होंगे और विकास मूलक प्रगति होगी। इस केंद्र की स्थापना से ग्रामीणों को बैंकिंग सेवाएं आसानी से उपलब्ध होंगी, जिससे समय और यात्रा की बचत होगी। बैंकिंग सेवाओं जैसे पैसे जमा करना, निकालना, खाते की जानकारी, लोन की सुविधा आदि ग्रामीणों को उनके नजदीक ही मिलेंगी। इसके अलावा, सामुदायिक पुलिसिंग के तहत सुरक्षा और अपराध नियंत्रण में भी सुधार होगा। ग्राहक सेवा केंद्र के माध्यम से विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे ग्रामीणों तक पहुंचेगा, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। स्थानीय व्यवसायों और उद्यमियों को बैंकिंग सेवाओं की सुविधा मिलने से वे अपने व्यापार को बढ़ा सकेंगे और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। क्षेत्र में डिजिटल और वित्तीय साक्षरता बढ़ेगी, जिससे ग्रामीणों को नई तकनीकों और सेवाओं का लाभ मिलेगा। सामुदायिक पुलिसिंग और बैंकिंग सेवाओं के साथ, ग्रामीणों को जागरूकता कार्यक्रमों, स्वास्थ्य शिविरों और शैक्षिक कार्यक्रमों का लाभ मिलेगा। इस प्रकार, ग्राहक सेवा केंद्र की स्थापना से झलमला और आसपास के ग्रामों को आर्थिक, सामाजिक और विकासमूलक लाभ प्राप्त होंगे, जिससे क्षेत्र का समग्र विकास सुनिश्चित होगा और ग्रामीणों का जीवन स्तर ऊंचा होगा। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से स्टेट बैंक चिल्फी के शाखा प्रबंधक चित्रधर मेरावि, मुकेश साहू, कबीरधाम जिला प्रबंधक, उपपुलिस अधीक्षक संजय ध्रुव, संतोष ठाकुर थाना प्रभारी झलमला, ग्राहक सेवा केंद्र के संचालक मिथिलेश पटेल, पूर्व जनपद अध्यक्ष संत राम धुर्वे, छतर भगत, समनापुर से संत कुमार मरावी, समारू बैगा कुमान एवं खेल समिति के सदस्य क्षेत्र से आए हुए सम्मानित लोग उपस्थित थे।

पीएम मोदी की अपील पर बच्चे ने लगाया मां के नाम पर पौधा

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

नगर के पर्यावरण संरक्षण समिति के साथ नगर के तीन परिवारों ने रविवार को पौधे लगाए। चार वर्षीय पार्थ श्रीवास ने अपने पिता शत्रुहन श्रीवास व माता निशु श्रीवास के साथ अपने जन्मदिन के अवसर पर नगर के लोरमी मार्ग पर कदम्ब का एक पौधा लगाकर लोगों को पौधारोपण करने का संदेश दिया। वहीं शंकर गुप्ता व उनके सुपुत्र संस्कार गुप्ता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील अपनी मां के नाम एक पौधा पर अमल करते हुए लोरमी मार्ग पर एक पौधा लगाकर सभी लोगों को पौधा लगाकर प्रकृति को

सुरक्षित करने की अपील की। इसी तरह नगर के वरिष्ठ अधिवक्ता भास्कर देवांगन ने अपनी पत्नी प्रभा देवांगन के जन्मदिन के अवसर पर एक आंवला का पौधा नगर के विद्यापीठ स्कूल परिसर में लगाया तथा सभी लोगों को अपने विभिन्न अवसरों पर पौधारोपण करने की बात कही।समिति के मोहन राजपूत ने बताया कि नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में पौधारोपण को लेकर लोगों में जागरूकता आई है।प्रायः सभी लोग पर्यावरण को संरक्षित करने अपना योगदान दे रहे हैं।उन्होंने बताया कि नगर व क्षेत्रवासियों के सहयोग से पर्यावरण संरक्षण समिति के सदस्यों द्वारा नगर में दो हजार से अधिक तथा ग्रामीण क्षेत्र में 20 हजार से अधिक पौधे लगाकर तैयार किया जा चुका है।साथ ही लगातार लोगों का सहयोग प्राप्त हो रहा है।